दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्ण तमस: परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर 2 | अभिव्यक्ति 3 | आंचलिक 6 | छत्तीसगढ़ 7 | खेल/बिजनेस

RNI NO.MPHIN/2020/81503 जबलपुर, शुक्रवार 15 सितम्बर 2023,कृष्ण पक्ष प्रतिपदा , विक्रम संवत-2080 वर्ष-3 अंक-269 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए जबलपुर, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

वाकई ये बहुत बेइंसाफी है। कोई किसी को ऐसे भी हराता है क्या? पाकिस्तान को भारत ने श्रीलंका में हो रहे एशिया कप में जिस बुरी तरह धोया है वह पाकिस्तान के क्रिकेट प्रेमियों के लिए किसी सदमे से कम नहीं है। पता नहीं भिखारिस्तान में कितने टीवी टूटे होंगे? रही बात भारतीय क्रिकेट प्रेमियों की तो वे दुआ कर रहे कि पाकिस्तान श्रीलंका को हराकर फाइनल में आए ताकि उसे फाइनल में हराने का आनंद उठाया जाए। डर है कि कहीं भारत के हाथों फिर मिट्टी पलीत कराने के डर से पाकिस्तान श्रीलंका से जान बूझकर न हार जाए।

भारत को विश्व की टॉप-3 अर्थ-व्यवस्थाओं में लाने में मध्यप्रदेश की बड़ी भूमिका होगी : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

कभी खस्ताहाल मध्यप्रदेश आज विकास की नई ऊँचाइयां छू रहा

5 अक्टूबर को धूम-धाम से मनाई जाएगी रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती

विश्व-कल्याण के लिये काम कर रहे हैं प्रधानमंत्री - मुख्यमंत्री चौहान

प्रधानमंत्री मोदी ने बीना में 51 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया

भोपाल/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को विश्व की टॉप 3 अर्थ-व्यवस्था में लाना हमारा लक्ष्य है जिसकी ओर हम तेजी से बढ़ रहे हैं। इस लक्ष्य को पूरा करने में मध्यप्रदेश की बड़ी भूमिका होगी। मध्यप्रदेश के लिये हमारे संकल्प बड़े हैं। आने वाले 5 वर्षों में मध्यप्रदेश विकास की बुलंदियों को छुएगा। आज यहां लगभग 51 हजार करोड़ लागत की औद्योगिक परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया गया है, इनसे बुन्देलखण्ड और मध्यप्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। औद्योगिक विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। केन्द्र सरकार मध्यप्रदेश में नई परियोजनाओं पर 50 हजार करोड़ रूपये से ज्यादा खर्च करेगी। ये परियोजनाएँ गरीब और मध्यम वर्गीय

परिवारों के सपनों को सच करेंगी। विकास के इस उत्सव में भागीदार होने के लिये आप सभी को धन्यवाद और शुभकामनाएँ।

प्रधानमंत्री श्री मोदी आज बीना रिफाइनरी परिसर में नवीन औद्योगिक परियोजनाओं के शिलान्यास अवसर पर विशाल जन-समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 51 हजार करोड़ रूपये की औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें बीना रिफाइनरी परिसर में 49 हजार करोड़ रूपये की लागत से पेट्रो-केमिकल कॉम्पलेक्स और मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 1800 करोड़ रूपये की लागत की 10 नई औद्योगिक परियोजनाएँ शामिल हैं।

नर्मदापुरम में नवकरणीय ऊर्जा जोन, इंदौर में 2 आईटी पार्क, रतलाम में मेगा इंडस्ट्रियल पार्क और 6 शहरों शाजापुर, गुना, मंदसौर, आगर-मालवा, नर्मदापुरम् और मक्सी में नये औद्योगिक केन्द्र विकसित किये जाएंगे। इसके पहले प्रधानमंत्री श्री मोदी, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और सांसद श्री व्ही.डी. शर्मा के साथ खुली जीप में जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए मंच तक पहुँचे। कार्यक्रम स्थल पर उन्होंने पेट्रो-केमिकल कॉम्पलेक्स के निर्माण संबंधी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पुष्प-गुच्छ और साँची स्तूप की प्रतिकृति भेंट कर प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्वागत किया।

औद्योगिक विकास के लिये मुख्यमंत्री को दी बधाई

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश जो **शेष पृष्ठ 5 पर**

लाड़ली बहना योजना से महिलाओं के जीवन में आया बदलाव : सीएम चौहान

मुख्यमंत्री मामा से स्कूटी की चाबी पाकर कर प्रसन्न हुई छात्राएँ

मुख्यमंत्री चौहान ने पाचौर में 21 करोड़ रूपए से अधिक के निर्माण कार्यों का किया भूमि-पूजन

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सीहोर जिले के ग्राम पाचौर में जन संवाद एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम में 21 करोड़ 33 लाख रूपए की लागत की 9 सड़कों के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने स्कूली छात्र-छात्राओं को स्कूटी की चाबियों के साथ विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि मैं परिवार की अवधारणा को चरितार्थ कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि बहनों की आंखों में आंसू नहीं आने दूँगा। मुख्यमंत्री भाई के रहते किसी भी बहन को परेशान नही होने दूँगा। बहनों का जीवन सदा खुशियों से भरा रहे, यही मेरे जीवन का उद्देश्य है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाड़ली बहनों को सशक्त बनाने के लिए चलाई जा रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को घर-परिवार में सम्मान दिलाया है। इससे बहनों के जीवन में बदलाव आ रहा है। वे आत्म-निर्भर हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब अक्टूबर माह से लाड़ली बहनों के खातों में 1250 रुपए की राशि मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अब प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के एलपीजी गैस कनेक्शनधारी उपभोक्ता एवं मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की हितग्राही बहनों को 450 रूपए में गैस सिलेंडर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के गरीब, किसानों, महिलाओं के साथ ही बच्चों की शिक्षा के उन्मुखीकरण के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएँ चलाई जा रही है। पूर्व सरकार में बंद की गई सभी योजनाओं को फिर से शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के ऐसे परिवार जिन्हें आवास योजना का लाभ नही मिला है, उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान दिए जाएंगे। कार्यक्रम को सांसद श्री रमाकांत भार्गव ने भी संबोधित किया। आदिवासी वित्त विकास निगम अध्यक्ष श्रीमती निर्मला बारेला, पूर्व विधायक श्री राजेन्द्र सिंह राजपूत, सलकनपुर ट्रस्ट अध्यक्ष श्री महेश उपाध्याय सहित अनेक जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

संसद के विशेष सत्र में उपस्थित होने कांग्रेस भाजपा ने सांसदों को जारी किया व्हिप

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से शुरू होगा। 22 सितंबर तक चलने वाले इस विशेष सत्र में चार बिल पेश किए जाएंगे। इनमें से दो बिल राज्यसभा और दो बिल लोकसभा में पेश किए जाएंगे। इस बीच कांग्रेस ने अपने सांसदों के लिए तीन लाइन का एक व्हिप जारी किया है। इसमें सभी को विशेष सत्र के दौरान 18 से 22 सितंबर तक संसद में उपस्थित होने को कहा गया है। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी ने भी अपने सांसदों को तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। भाजपा ने अपने सांसदों को तीन लाइन के व्हिप में कहा है, 'अत्यंत महत्वपूर्ण विधायी कार्यों पर चर्चा करने और सरकार के रुख का समर्थन करने के लिए 18 से 22 सितंबर तक सदन में उपस्थित रहें। वहीं, सरकार ने बुधवार की रात को संसद के विशेष सत्र के दौरान होने वाले विधायी कार्यों की जानकारी दी। राज्यसभा की ओर से बुधवार रात को जारी पार्लियामेंट्री बुलिटेन के मुताबिक, संसद के विशेष सत्र के पहले दिन 18 सितंबर को राज्यसभा में संविधान सभा से शुरू होने वाली 75 वर्षों की संसदीय यात्रा - उपलब्धियां, अनुभव, यादें और सीख पर चर्चा होगी। इसके अलावा दो बिल भी राज्यसभा में पेश किये जा सकते हैं। बताते चलें कि संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर को शुरू होगा और 22 सितंबर तक चलेगा।

लोकसभा में आएंगे दो बिल

लोकसभा सचिवायल ने बताया कि विशेष सत्र के दौरान लोकसभा में दो बिल पेश किये जाएंगे। इनमें एडवोकेट्स अमेडमेंट बिल 2023, प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल बिल 2023 पेश किए जाएंगे। दोनों बिल राज्यसभा से पहले ही पास हो चुके हैं। एडवोकेट्स अमेडमेंट बिल 2023, 3 अगस्त को राज्यसभा से पास हो चुका है और 4 अगस्त को इसे लोकसभा में रखा गया था। प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल बिल 2023 भी 3 अगस्त को राज्यसभा से पास हुआ था। 4 अगस्त को लोकसभा में पेश किया गया था। लेकिन हंगामे के कारण दोनों ही बिल लोकसभा से पास नहीं हो सके।

केरल में निपाह का बांग्लादेशी वैरिएंट मिला

केरल (एजेंसी)। केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस के बढ़ते मामलों के बीच गुरुवार 14 सितंबर को सभी स्कूल-कॉलेज दो दिनों के लिए बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। यहां निपाह वायरस से दो लोगों की मौत हो चुकी है। एक 9 साल का बच्चा आईसीयू में है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, एक स्वास्थ्य कर्मचारी में भी निपाह वायरस की पुष्टि हुई है। इसी के

साथ केरल में निपाह के अब तक पांच मामले सामने आ चुके हैं। गुरुवार को सेंट्रल हेल्थ टीम केरल के कोझिकोड पहुंची है। ये टीम जिला प्रशासन के साथ निपाह वायरस को लेकर बैठक करेगी। बुधवार को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज की एक टीम ने निपाह वायरस की जांच के लिए मरुथोंकारा गांव से सुपारी और अमरूद के सैंपल लिए। इससे पहले केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि प्रदेश में जिस वायरस की पुष्टि हुई है, वह बांग्लादेशी वैरिएंट है। यह इंसानों से इंसानों में फैलता है। इस वायरस से मृत्यु दर अधिक है, पर ये कम संक्रामक है।

मुंबई एयरपोर्ट पर चार्टर प्लेन दुर्घटनाग्रस्त

मुंबई। लियरजेट का एक चार्टर विमान गुरुवार को मुंबई एयरपोर्ट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विशाखापत्तनम से मुंबई से आ रहा वीएसआर वेंचर्स लियरजेट 45 प्लेन भारी बारिश के कारण लैंडिंग के बाद रनवे से फिसल गया। अगली सूचना तक हवाईअड्डे के सभी परिचालन फिलहाल बंद कर दिए गए हैं। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

खूनखराबा खत्म करने के लिए बातचीत जरूरी : फारूक अब्दुल्ला

जम्मू (एजेंसी)। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर में खूनखराबा समाप्त करने के लिए पड़ोसी देश के साथ वार्ता की वकालत की तो वहीं भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत की वकालत करने वाले लोगों को अब सलाखों के पीछे डालने का समय आ गया है। अब्दुल्ला ने कहा कि यदि भारत और पाकिस्तान जम्मू-

कश्मीर में खूनखराबा समाप्त करना चाहते हैं और शांति का स्थायी माहौल चाहते हैं तो उन्हें वार्ता करनी होगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने कहा कि युद्धों से न तो पहले मुद्दों का समाधान होता था और न ही भविष्य में इनसे शांति का माहौल बन पाएगा। अनंतनाग में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक उपाधीक्षक हुमायूं भट के परिवार से मुलाकात करने के बाद अब्दुल्ला ने यहां पत्रकारों से कहा, ''यदि बातचीत नहीं होगी तो ऐसी घटनाएं जारी रहेंगी।

बिहार की बागमती में नाव डूबी, 13 लापता

पटना (एजेंसी)। बिहार के मुजफ्फरपुर में गुरुवार को बागमती नदी में बड़ा हादसा हो गया है। 33 लोगों से भरी नाव नदी में डूब गई। नाव पर ज्यादातर स्कूली बच्चे थे। हादसा सुबह साढ़े 9 बजे गायघाट थाना क्षेत्र के बेनीबाद ओपी में हुआ है। अब तक 20 लोगों को बाहर निकाल लिया गया। नदी की तेज बहाव में 13 लोग बह गए, जिनकी तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि नदी में बहाव तेज होने की वजह से रस्सी के सहारे नाव को पार कराया जा रहा था। तभी रस्सी अचानक टूट गई। नाव नदी में पलट गई। गांव में पुल नहीं होने की वजह से बच्चे और आसपास के लोग इसी तरह से आते-जाते थे। गायघाट और बेनीबाद पुलिस के साथ एसडीआरएफ-एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच चुकी है। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। उधर, मुजफ्फरपुर में ही एसकेएमसीएच में नवनिर्मित पीकू वार्ड का उद्घाटन करने पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि डीएम और अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। जो भी हताहत होगा सरकार उसके परिवार की मदद करेगी।

14 न्यूज एंकरों का विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने किया बहिष्कार

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडिया गठबंधन समन्वय समिति के सदस्यों की पहली मुलाकात बुधवार को दिल्ली में हुई थी। इस बैठक में इंडिया के नेताओं ने तय किया था कि वो अपने नेताओं और प्रवक्ताओं को कुछ टीवी एंकर्स के शो में भेजना बंद करेंगे। जिसे लेकर गुरूवार को इंडिया गठबंधन की मीडिया कमेटी ने लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में कई टीवी चैनलों के एंकर के नाम शामिल किए हैं। लिस्ट को कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक्स पर शेयर किया है।

पवन खेड़ा ने ट्वीट करते हुए लिखा कि, इंडिया मीडिया समिति द्वारा आज (गुरूवार) दोपहर आयोजित एक वर्चुअल बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिया गया। इंडिया पार्टियों के प्रतिनिधि इन एंकर्स के शो में हिस्सा नहीं लेंगे। इस लिस्ट में अमन चोपड़ा, प्राची पराशर, रूबिका लियाकत, चित्रा त्रिपाठी, सुधीर चौधरी, अमीश देवगन, अर्नब गोस्वामी, नाविका कुमार, **शेष पृष्ठ 5 पर**

गरमा-गरम

'सत्ता के लालच में कांग्रेस सनातन संस्कृति को तोड़ रही' : मोदी

रायगढ़/रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को मध्य प्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ पहुंचे। रायगढ़ के कोंडातराई में आयोजित बीजेपी की विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया। यहां उन्होंने विपक्ष के नए गठबंधन इंडिया और कांग्रेस पर जमकर वार किया। मोदी ने यहां उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिए गए बयान पर भी पलटवार किया। रायगढ़ में जनसभा के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की ये भूमि भगवान श्रीराम का ननिहाल है। माता कौशल्या का भव्य मंदिर यहां है। हमारी आस्था, देश के खिलाफ जो साजिश हो रही है उसके प्रति आपको जागरूक करना चाहता हूं। पीएम ने आगे कहा, 'जिनको आपने 9 साल से केंद्र की सत्ता से बाहर रखा है। वे लोग अब आपसे इतनी नफरत से **शेष पृष्ठ 5 पर**

पीएम ने कभी भेदभाव नहीं किया

प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि हर 10 में से 1 व्यक्ति सिकलसेल से ग्रसित है। इनके लिए केंद्र के जरिए जो काम कर रहा है, मैं उसका शुक्रिया अदा करता हूं। राज्य ने उन सभी उत्तरदायित्वों का पालन किया, जो राज्य के क्षेत्र के हैं। संघीय ढांचे को इसी तरह आगे लेकर जाएंगे। मैंने भेदभाव महसूस नहीं किया। बतौर एक साथी, बतौर हक केंद्र की ओर से कभी हाथ तंग नहीं रहे। आने वाले समय में इस संघीय ढांचे की व्यवस्था को आगे बढ़ाते रहेंगे।

छत्तीसगढ़ में अब कमल खिलाना जरूरी

प्रधानमंत्री ने तीजा-पोरा तिहार की छत्तीसगढ़ के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि, पूरा भारत खुशियों का तिहार मना रहा है, कुछ दिन पहले वैज्ञानिकों ने भारत को चांद तक पहुंचा दिया। जैसे यहां कहते हैं कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया उसी तरह अब दुनिया के लोग कह रहे हैं कि भारत का चंद्रयान सबसे बढ़िया। आप सभी इतनी बारिश में यहां पहुंचे उसके लिए धन्यवाद। अब समय आ गया है कि छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बने, क्योंकि कांग्रेस सरकार गरीबों को आगे नहीं बढ़ने देना चाहती। अगर यहां के युवाओं को रोजगार चाहिए तो छत्तीसगढ़ में कमल खिलाना होगा।

रेल परियोजनाएं देश को समर्पित

शंखनाद रैली से पहले प्रधानमंत्री ने लगभग 6350 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण रेल क्षेत्र की परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। इसमें पेंड्रा रोड से अनूपपुर के बीच तीसरी रेल लाइन 50 किमी लंबी है। इसका निर्माण लगभग 516 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। साथ ही चांपा और जामगा रेलखंड के बीच 98 किलोमीटर लंबी तीसरी रेल लाइन का निर्माण करीब 796 करोड़ रु की लागत से किया गया है। तलाईपल्ली कोयला खदान को एनटीपीसी लारा सुपर थर्मल पावर स्टेशन (एसटीपीएस) से जोड़ने वाली एमजीआर (मेरी-गो-राउंड) प्रणाली भी शामिल है। 2070 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित एमजीआर प्रणाली, कोयला खदानों से बिजली स्टेशनों तक कोयला परिवहन में सुधार के लिए बनाई गई है। लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि, आज छत्तीसगढ़ विकास की दिशा में बड़ा कदम उठा रहा है।

संपादकीय

हिन्दी भाषा का प्रसार आवश्यक

हर साल की तरह इस साल भी 14 सितंबर को भारत में हिन्दी दिवस मनाया गया। हिन्दी के प्रचार प्रसार का संकल्प लिया गया। किन्तु आज भी हिन्दी की उपेक्षा बदस्तुर जारी है। थोड़ा भी पड़ा लिखा व्यक्ति हिन्दी की जगह अंग्रेजी में ही हस्ताक्षर करना अपने शान की बात समझता है। जब तक हम हिन्दी को हेय दृष्टि से देखते रहेंगे और अंग्रेजी में हस्ताक्षर करने की मानसिकता नहीं उभर पाएंगे तब तक हिन्दी दुर्दशा की ही शिकार रहेगी। वैसे भी हिन्दी को राजकाज की भाषा बनने के लिए लंबे समय तक प्रतिक्षा करनी पड़ी है। यद्यपि आजादी के पूर्व ही हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की मांग उठती रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी चाहते थे कि आजादी मिलने के बाद हिन्दी को राष्ट्रभाषा घोषित किया जाए। किन्तु आजादी के बाद दो साल बाद हिन्दी को लेकर लंबी बहस और चर्चा ही चलते रही। आखिरकार 14 सितंबर को मुंशी आयंगर फार्मुले वाले समझौते पर मुहर लगी और 14 सितंबर 1949 को एक कानून बना जिसमें हिन्दी को राष्ट्रभाषा नहीं बल्कि राजभाषा का दर्जा दिया। अनुच्छेद 351 और 343 में इसे परिभाषित किया गया है। तात्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 14 सितंबर को हर साल हिन्दी भाषा दिवस मनाने की घोषणा की। उसके बाद से हर साल हिन्दी दिवस मनाया जाता है। हिन्दी पखवाड़ा भी आयोजित किया जाता है। हिन्दी प्रचार समिति और हिन्दी प्रचार सभा जैसी संस्थाएं आज भी हिन्दी को जन-जन की भाषा बनाने के लिए रचनात्मक आंदोलन कर रही है। जिसके चलते हिन्दी का विकास तो हो रहा है। लेकिन इसे अभी भी राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं मिला है। जबकि हिन्दी दुनिया की तीसरी बड़ी भाषा है। यह ठीक है कि हमारा भारत विविधता का देश है जहां यह कहावत कही जाती है कि हर कोस पर पानी और हर चार कोस पर वाणी बदल जाती है। लेकिन यह भी सच है कि देश के अधिकांश राज्यों में हिन्दी ही बोली जाती है। यही वजह है कि केन्द्र सरकार ने इसे राजभाषा घोषित किया है। इसके साथ ही 22 अन्य क्षेत्रिय भाषाओं को भी राजकाज की अधिकारिक भाषा बनाया गया है। हर राज्य अपनी भाषा में सरकारी कामकाज करने के लिए स्वतंत्र है लेकिन आज भी अनेक हिन्दी भाषी राज्यों में केन्द्र की तरह ही राज्य की भी राजभाषा हिन्दी बनी हुई है। हिन्दी का सबसे ज्यादा विरोध दक्षिण भारत में हुआ था इसी वजह से हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं मिल पाया। हिन्दी का भारत के सभी राज्यों के साथ ही दुनियाभर में विकास करने के संकल्प को लेकर तात्कालीन मनमोहन सिंह की सरकार ने 2006 में विश्व हिन्दी दिवस मनाने का निर्णय लिया जो हर साल 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसके बाद से हिन्दी के प्रचार प्रसार को दुनियाभर में गति मिली है। नतीजतन दक्षिणी राज्यों में भी अब हिन्दी का विरोध पूर्व की अपेक्षा कम हो रहा है और वहां के लोगो का भी अब हिन्दी के प्रति रूझान बढ़ा है। केरल और कर्नाटक जैसे प्रदेशों में हिन्दी का उपयोग होने लगा है। सिर्फ तमिलनाडू ही एक मात्र ऐसा राज्य है जहां के सरकारी संस्थानों में आज भी हिन्दी की उपेक्षा हो रही है। लेकिन वहां भी निजी शिक्षण संस्थानों में हिन्दी की पढ़ाई होने लगी है। इससे यह उम्मीद बंधी है कि दक्षिणी राज्यों में भी हिन्दी की स्वीकार्यता आने वाले दिनों में बढ़ सकती है। किन्तु इसके लिए हिन्दी के प्रचार-प्रसार की गति और तेज करनी होगी।

अब भारत भी एक सुपर पावर

योगेश मिश्र

इससे भारत और यूरोप के बीच व्यापार 40 प्रतिशत बढ़ेगा। बड़ी बात यह भी है कि बीते मई महीने में ही भारत ने इस प्रोजेक्ट का प्रस्ताव आगे बढ़ाया था। बहुत कम समय में इस पर सबकी रजामंदी भी हो गयी।मोदी की कोशिश से ही जिस संगठन से लोग आमतौर पर वाकिफनहीं थे । वह अब घर घर में चर्चा और गौरव का विषय बन चुका है।जनमानस को इसके साथ जुड़ाव की भावना का सन्देश मिला।नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन सिर्फ एक राजनयिक आयोजन नहीं था बल्कि यह विश्व मंच पर भारत के बढ़ते प्रभाव और नेतृत्व का एक बहुत बड़ा प्रमाण है। यह सभी भारतवासियों के लिए बड़ी जिम्मेदारी भी है कि वह भारत को ग्लोबल सुपर पावर बनाने के काम में किसी न किसी तरह से योगदान अवश्य करें ताकि हम भी ग्लोबल डेस्टिनेशन बन जाएँ। जी-20 अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का एक प्रमुख मंच है। जहां जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, कृषि , ऊर्जा और पर्यावरण के वैश्विक, आर्थिक व वित्तीय मुद्दों पर चर्चा होती है। इस मंच में शामिल देशों का वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 85 फीसदी और वैश्विक व्यापार में 75 फ़ीसदी योगदान है। इसमें विश्व की एक तिहाई आबादी आती है। इसमें 19 देश और यूरोपीय संघ शामिल था। इनमें अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, फ़्रांस , जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, कोरिया, रुस , सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, यूके और अमेरिका हैं। मोदी की कोशिश के चलते ही इस संगठन का न केवल चेहरा बदला बल्कि बड़े देशों की चौधराहट ख़त्म हुई। पूरी दुनिया के लोगों की आँखों में उम्मीद तिरने लगी है। गर्व से आगे बढ़िए, अब हमारा समय आया है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक तीर से कई निशाने साधने वाले निशानेबाज़ हैं। यह उन्होंने 2014 में केंद्रीय राजनीति में आने के साथ ही दिखाना शुरू कर दिया था। हाल फ़िलहाल इसकी ताज़ातरीन नज़ीर है जी-20 का दिल्ली में आयोजित शिखर सम्मेलन। जो लोग यह कह और सोच रहे थे कि क्या भारत जैसा देश इस बड़े व भारी भरकम सम्मेलन को आयोजित कर पायेगा ? यानी जो लोग भारत की क्षमता पर सवाल उठा रहे थे, वे न केवल निरुत्तरित हुए बल्कि मोदी ने यह जता दिया कि एक ऐसे समय जब दुनिया में एक नये तरह का 'वर्ल्ड आर्डर' उभर रहा है। एक नया 'वर्ड मेट्रिक्स' बन रहा है। समूची दुनिया 'रिकंस्ट्रक्शन' के दौर में है। जब भूराजनैतिक तनाव बहुत ज़्यादा है। बड़े देश एक दूसरे के साथ काम करने को तैयार नहीं हैं। रुस चीन एक साथ हैं। डब्लूटीओ और विश्व स्वास्थ्य संगठन काम नहीं कर रहा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में डेडलॉक है। तब भारत ही वैश्विक विभाजन को पाट सकता है। क्योंकि भारत ने अपने आपको एक क्षेत्रीय 'सुपर पावर' जैसी महत्वपूर्ण स्थिति में ला खड़ा किया है। अब दुनिया का कोई भी देश उसे नज़रंदाज़ नहीं कर सकता।

ग्लोबल फ़लक पर भारत से उम्मीद जगी हैं कि वह वैश्विक व्यवस्था को बदल देगा। अब किसी एक या दो देशों की चौधराहट नहीं चलेगी। ऐसा महज़ इसलिए नहीं है क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाज़ार है। इसकी मजबूत वजहें हैं - एक ओर भारत 140 करोड़ जनसंख्या वाला विशाल देश है। तो दूसरी ओर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। भारत सबसे बड़ा और सबसे विविधतापूर्ण लोकतंत्र भी है। भारत प्रति वर्ष 9 फीसदी की दर से वृद्धि करते हुए, चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्य उत्पादक है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत अकेला ही आगे नहीं बढ़ रहा बल्कि अनेक देशों को साथ लेते हुए आगे बढ़ रहा है। 'वसुधैव कुटुंबकम - एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' की बात भारत ही कर सकता है। दुनिया के सामने चुनौतियों और अवसरों का एक नया युग आने वाला है, ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' का मंत्र एक मार्गदर्शक के रूप में काम कर सकता है। मोदी का यह कथन भी भरोसा मज़बूत करता है-÷वैश्विक स्तर पर भरोसा बहाल करने का समय आ गया है। एवं जहां हम एकत्र हुए हैं, वहीं से कुछ दूर ढाई हज़ार साल पुराना स्तंभ है। जिस पर प्राकृत भाषा में लिखा है- मानवता का कल्याण और सुख, सदैव सुनिश्चित किया जायेगा। इन सब संभावनाओं व विश्वास के पीछे बड़े तर्क व प्रमाण ही नहीं, काम भी हैं। क्योंकि जी 20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन ही नरेंद्र मोदी सहमति के आम विंदु पर पहुँच गये थे। आम तौर पर किसी सम्मेलन के अंत में घोषणा पत्र जारी होता है। ऐसा पहली बार हुआ है कि सहमति का ऐलान पहले दिन ही कर दिया गया। जबकि चीन माँग करता रहा कि जी-20 आर्थिक सम्मेलन है, इसे विश्व राजनीति से दूर रहना चाहिए। घोषणा पत्र में रुस यूक्रेन युद्ध पर सात पैराग्राफ़ थे। जबकि बाली सम्मेलन में केवल दो। रूस के हमले या युद्ध के उसके बर्बर तरीक़े की निंदा की गई। यूक्रेनी लोगों की पीड़ा पर दुख जताया गया।भारत की ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में छवि मज़बूत हुई है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शॉल्त्स शिखर ने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि 'उत्तर और दक्षिण के बीच एक नए तरह का संवाद, नई दिल्ली के सम्मेलन में ही संभव हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि इसने यह साबित किया है कि मुश्किल आर्थिक समय में भी जी-20 फौरी समस्याओं का समाधान ढूंढने में सक्षम है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय नेतृत्व में जी-20 हमेशा के लिए बदल गया। अफ्रीकी यूनियन को शामिल करने के साथ यह संगठन जी-21 हो गया। यह भी मोदी के लंबे समय से किये जा रहे प्रयास से ही सफल हो पाया ।

अफ़्रीकन यूनियन 55 देशों का संगठन हैं। इसके तहत बीस फीसदी भू भाग, 18 फ़ीसदी आबादी आती है। अर्थव्यवस्था सात ट्रिलियन डॉलर की है। अफ़्रीकन यूनियन के पास वोट का अधिकार होगा तो वे भारत को मज़बूती प्रदान करेंगे। हमारे और अफ्रीकी देशों के हित साझा है। इससे भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने के मार्ग खुलेंगे। चीन के सुरक्षा परिषद के सदस्य होने में अफ्रीकी देशों ने मदद की थी। भारत के साथ अफ्रीकी देशों के रिश्ते पुराने हैं। हित साझा हैं। पर चीन के साथ नहीं है। चीनी अफ़्रीकी देशों में नहीं रहते जबकि भारतीय रहते हैं। गुटनिरपेक्षता के समय अफ्रीकी देशों ने हमारा साथ दिया था। भारत ने रंगभेद विरोधी आंदोलन का समर्थन किया था। अफ्रीकी देश सोना, क्रोमियम, प्लेटिनम, कोबाल्ट, हीरे और यूरेनियम से भरे हैं। अफ़्रीका के पास विश्व का बीस फ़ीसदी तेल है। भारत की मिडिल ईस्ट पर निर्भरता ख़त्म होगी। खाद्य सुरक्षा ऊर्जा ज़रूरतों पर दोनों मिलकर काम कर सकेंगे। भारत अफ्रीकी देशों में उन्नत खेती के लिए मदद कर रहा है। अफ्रीकी युवाओं को भारत बुलाकर ट्रेनिंग दी जा रही है। भारत अफ्रीकी देशों में कैपिसीटी बिल्डिंग पर काम कर रहा है। अफ्रीकी देश चीन के क़र्ज़े में डूबे हैं। वे इससे निजात चाहते हैं। भारत इसमें मददगार हो सकता है। अफ्रीकी देशों में निवेश कर के चीन का दबदबा कम कर सकता है। अफ़्रीका को सालान सौ बिलियन डॉलर इंफ़्रास्ट्रक्चर डवलेपमेंट के लिए ज़रूरी है। यह केवल चीन नहीं दे सकता है। इसलिए मोदी को कोई बड़ी संभावना अपने देश के लिए नज़र आ रही हो तो वाजिब ही कहा जायेगा।

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और नरेंद्र मोदी की एक साथ हाथ थामे जारी हुई तस्वीर भी कई मायने बयां करती नज़र आई। भारत की 700 से ज़्यादा कंपनियों ने 200 करोड़ डॉलर से ज़्यादा सऊदी अरब में निवेश कर रखा है। भारत सऊदी अरब के बीच व्यापार पाँच हज़ार करोड़ का है। सऊदी अरब के पास बहुत पैसा है। मोदी की कोशिश है कि वह भारत को निवेश की अच्छी जगहों में मान कर निवेश करे। सऊदी अरब नियोम प्रोजेक्ट बना रहा है। जिस पर पाँच सौ अरब डॉलर खर्च होंगे। भारत की कोशिश इस प्रोजेक्ट के लिए टैलेंट देने की है। भारत की मदद से सऊदी अरब में हाइड्रोजन प्लांट भी बन रहा है। सऊदी अरब की कोशिश अपनी पिक्कर तेल बेचने और मक्का मदीना के इतर भी पेस्ट करने की है। इसके लिए भारत के साथ उसे संभावनाएँ नज़र आ रही हैं। मोदी ने लंबे समय से चल रहे इंडिया मिडिल ईस्ट यूरोप इकॉनॉमिक कॉरिडोर के काम को अपने हाथ में लेकर न केवल चीन के बेल्ट एंड रोड परियोजना को काउंटर किया है। चीन की कोशिश इस सिल्क रूट के मार्फ़त खुद को यूरोपीय देशों से जोड़ने की है। जबकि भारत की कोशिश इस परियोजना के मार्फ़त खुद को अमेरिका,कनाडा, यूरोपीय देश, लैटिन अमेरिकी देश, दुबई, इस्राइल,मध्य पूर्व देशों व हाइफ़ा बंदरगाह से रेलवे और शिपिंग नेटवर्क से जोड़ लेने की है। **(लेखक पत्रकार हैं ।)**

विशेष

तैरता पत्थर ईश्वरीय शक्ति का संकेत

देश में एक तरफ सनातन धर्म को लेकर राजनीतिक दलों में बहस छिड़ा हुआ है। वहीं कुछ राजनीतिक दल सनातन धर्म को समाप्त करने के लिए एकजुट हो रहे है। भगवान राम, कृष्ण को काल्पनिक बता रहे है। ये उन सभी राजनीतिक दलों का दुर्भाग्य हो जो सनातन का विरोध कर रहे है। तो फिर नदी में तैरता पत्थर मिलना इस बात का संकेत है कि ईश्वरीय शक्तियां मौजूद हैं। सनातन धर्म पर विवाद के बीच सूरजपुर में इन दिनों एक चमत्कारिक पत्थर की चर्चा हो रही है जो कि एक स्थानीय व्यक्ति को जन्माष्टमी के अगले दिन नदी में नहाने के दौरान मिला था। जब लंका गमन के लिए समुद्र सेतु का निर्माण हो रहा था तब नल-नील ने पत्थरों पर श्रीराम नाम लिखकर समुद्र में डालना शुरू किया और समुद्र सेतु तैयार हो गया, ये राम नाम की महिमा जो भव सागर पार करा देता है। सूरजपुर में एक व्यक्ति को नहाते वक्त राम लिखा हुआ पत्थर पानी में तैरता हुआ मिला। यह पत्थर नदी के पानी में तैरता हुआ पाया गया जिससे स्थानीय लोगों में कौतुहल बढ़ गया है। लोगों ने इस पत्थर की पूजा-अर्चना शुरू कर दी है। पत्थर को देखने दूर-दूर से लोग आ रहे हैं। सूरजपुर को लकरापारा गांव में ग्रामीण जन्माष्टमी पर पूजा-अर्चना की । सुबह गांव का ही 40 वर्षीय मनीलाल राजवाड़े जन्माष्टमी उपवास के बाद घुनघुट्टा नदी में नहाने गया था। तभी उसने छत्तर घाट के पास एक पत्थर तैरता देख उसे पकड़ लिया। ग्रामीण मनी लाल राजवाड़े ने बताया कि जब उसने पत्थर को देखा तो उसमें एक तरफ राम लिखा हुआ था। ग्रामीण 3-4 किलोग्राम के पत्थर को अपने साथ लेकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पूजा स्थल पर आया। ग्रामीण के हाथ में पत्थर को देखकर गांव वाले भौचक्के रह गए। इसके बाद लोगों ने वहीं पर एक बड़े ड्रम में पानी भरकर जब राम लिखित पत्थर को डाला तो वह पत्थर डूबने की बजाय ऊपर आ गया। मजे की बात तो यह है कि पत्थर को जीतने बार पानी में अंदर धक्का देते हैं, उतने बार राम लिखा हिस्सा पानी में ऊपर ही रहता है। ग्रामीणों द्वारा पत्थर को एक चमत्कारिक रूप मानते हुए अब उसकी पूजा अर्चना शुरू कर दिया है। इस बात की जानकारी लगते ही पत्थर को देखने आसपास गांव के लोगों के भी पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। लोग इसे भगवान का एक चमत्कार मान रहे हैं। इस मामले में जुड़े विशेषज्ञों की मानें तो पानी में तैरने वाले पत्थर को प्यूमिक स्टोन कहते हैं और ये पत्थर ज्वालामुखी के लावा से बनते हैं। लावा जब ठंडा होता है तो ऐसे पत्थर बन जाते हैं, जिनका घनत्व कम होता है और उनमें हजारों छेद होते हैं और हल्के भी होते हैं। ये पत्थर स्पंज या डबल रोटी के जैसे दिखते हैं। देश में इस तरह के पत्थर रामेश्वरम और महाराष्ट्र में मौजूद हैं। धर्म और राजनीति को लेकर पूरे देश में जंग छिड़ा हुआ है? सनातन धर्म को लेकर खासकर साउथ के नेताओं नजरिया सनातन धर्म के बिल्कुल विपरीत है। ऐसे में इस तरह की घटना सामने आना यह बताता कि इस संसार में ईश्वरीय शक्ति विद्यमान है उसे नकारा नहीं जा सकता । न ही समाप्त किया जा सकता है। कहते ईश्वर प्रत्यक्ष रूप से प्रकट नहीं होते पर अपनी उपस्थिति दर्शाने के लिए संकेत देते रहते है। इस संसार का अधिष्ठाता ईश्वर है जिसके अस्तित्व को नकारने राजनेता वोट की राजनीति का अस्त्र बन गया है। पूरे देश में तुष्टिकरण पर राजनीति हावी हो चुकी है ।

आज का पंचांग (शुक्रवार, 15 सितम्बर)

सूर्योदयः06:15, सूर्यास्तः 06:31, चन्द्रोदयः06:01,चन्द्रास्तः 18:16, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः शरद, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास भाद्रपद, पक्ष शुक्ल, तिथि प्रतिपद, नक्षत्र उत्तराफाल्गुनी, योग साध्य (03:00 से शुभ), प्रथम करण चतुष्पाद ट्टढ (18:00 तक), द्वितीय करण नाग (पूर्ण रात्रि)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य सिंह, चंद्र सिंह, मंगल कन्या (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध सिंह (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु मेष, केतु तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:47 से 12:37,अमृत काल 21:44 से 23:31,विजय मुहूर्त 14:16 से 15:06,गोधूलि मुहूर्त 18:24 से 18:47,सायाह्न सन्ध्या 18:24 से 19:34,निशिता मुहूर्त 23:49 से 00:36, ब्रह्म मुहूर्त 04:28 से 05:14, राहुकाल 10:30 से 12:00, राहुवास दक्षिण, यमगण्ड 06:00 से 07:33, होमाहुति केतु (04:54 से सूर्य), दिशाशूल दक्षिण, नक्षत्र शूल उत्तर (04:54 से) अग्निवास पृथ्वी, चन्द्र वास पूर्व, शिववास गौरी के साथ।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मेरी टीचर मेरी फ्यूचर जीने की उमंग

मेरी टीचर मेरी फ्यूचर जीने की उमंग दवा व बुस्टर । प्रश्न का उत्तर परीक्षा में सेमेस्टर गमों की तुरपाई खोल हो या अस्तर। जीवन की रंग संघर्षो की रवानी कॉपी पेस्ट उसको लगे मेरी उमर। मेरी टीचर मेरी फ्यूचर।

सुरेश वैष्णव

पिस्सू उदयनिधि याद रख सनातन

पिस्सू उदयनिधि याद रख सनातन मिटेगा कभी नहीं। तू लाख लगा ले

जोड़ घटाव बही सनातन समाप्त होगा कभी नहीं। गुजर जाएगी हजारों हजार सदी पर सनातन घटेगा कभी नहीं। तू कुत्ते की दुम तुझे सुधरने में लग जाएगी सदी। भाड़े के टट्टू उदयनिधी याद रख सनातन मिटेगा कभी नहीं। सनातन पर ऊंगली उठाई है तूने तेरा ईश्वर तुझे माफ़ करेगा कभी नहीं। **राजीव वर्मा**

खास पाती | जरुरी नहीं दोस्तों से हर रोज़

जरुरी नहीं दोस्तों से हर रोज़ मुलाक़ात हो चलो मुलाक़ात ना सही बात तो हो.... नहीं होती महीनों बात भी फिर भी लगता है तुम हरदम साथ हो जब जी चाहे बुला लेना तुम जब जी चाहे बुला लूँगी मैं और ना आ पाये जो हम तुम एक यकीन की तरह फिर भी हरदम साथ हो तुम हर मुश्किल में मेरी हिम्मत हो तुम।

शिल्पी अग्रवाल

अब गले मिलने से डर लगता

अब गले मिलने से डर लगता है, छुपे खंजर हैं आस्तीनों में! गुमशुदा हो गया है जाने कहाँ, दीन ईमान अब जमीनों में! उनकी सीरत गिरी हुई निकली, जिनको गिनते थे हम जहीनों में! आज घायल जमीं की जन्नत है, मौत के साए हैं संगीनों में! अलम्बरदार थे जम्हूरियत के, वो खड़े हैं तमाशबीनों में! आज इंसानियत भी रुसवा है, हादसे मंदिरों मदीनों में! भाईचारा भी टूट जाता है, चोट लगती है जब यकीनों में! **कुलदीप मिश्रा**

आज रिन्दों ने पिला दी, तेरी कसम

आज रिन्दों ने पिला दी, तेरी कसम देकर। आग बुझे दिल में लगा दी, तेरी कसम देकर। तेरे कंधो पर रखकर हाथ जो कसम ली थी। वो इक कसम भी भुला दी तेरी कसम देकर। यूँ तो रोज़ जलाता हूँ तेरी यादों को ही मैं। आज भी दो-चार जला दी तेरी कसम देकर । सोचा था अब ना तुझको कभी याद करूँगा। खुद को ही याद दिला दी तेरी कसम देकर। कसक इस दिल की बुझाये नही बुझती है। कुछ बुझी थी, फिर जला दी तेरी कसम देकर।

मुनेश शर्मा

इतनी जल्दी शायर बनना मेरे

इतनी जल्दी शायर बनना मेरे बस की बात नहीं गीत का एक भी मुखड़ा लिखना मेरे बस की बात नहीं जय हो माता सरस्वती की अर्ज हमारी सुनती वरना छन्द सोरठा मुक्तक गढ़ना मेरे बस की बात नहीं। **नीरू श्रीवास्तव**

बहुत कुछ कहना चाहती हूँ तुमसे

बहुत कुछ कहना चाहती हूँ तुमसे मगर कह नही पाती... कहना चाहती हूँ कि गुज़रते वक़्त की तरह एक दिन यूँ हीं गुज़र जाऊँगी थोड़ी सी बची भी तो सिर्फ तुम्हारी यादों में बच जाऊँगी कतरों में, टुकड़ों में, किश्तों में बस यूँ हीं फ़िज़ाओं में... खुशबू की तरह बिखर जाऊँगी सुनो बिन कहे एक रोज़ खामोश चली जाऊँगी तुम्हारे मन की देहरी के पार जो देह से मुक्त है कहीं तुम्हारी दुनियाँ से दूर बचूँगी तो सिर्फ.तुम्हारे मन के अंधेरो में और किसी दिए की तरह जगमगाऊंगी नही कोई दिक्कत होगी ज़माने से ना फिक्र होगी तानों की चुपचाप अकेली यूँ हीं खानाबदोश से गठरी समेटे निकल जाऊँगी। सुनो ना...बहुत कुछ है जो तुमसे कहना चाहती हूँ, मगर कह नही पाती।। **'रश्मि' अभय**

सकल जग की भलाई चाहती हूं

सकल जग की भलाई चाहती हूँ मनस गुण की बढ़ाई चाहती हूँ। नहीं आराम देता नर्म बिस्तर, कुशा की इक चटाई चाहती हूँ। खुले आकाश में खुश हैं परिंदे, असीरी से रिहाई चाहती हूँ। बनें रिश्ते बिना दुर्भावना के, मैं इनमें पारसाई चाहती हूँ। उदासी की परत मन पर जमी है, अज़ीयत की विदाई चाहती हूँ। नहीं धन-संपदा की ढेर चाहत, मैं कर्मों की कमाई चाहती हूँ। तुम्हारे मौन में संवाद गहरा, अबस ही लब-कुशाई चाहती हूँ। सघन वन में अँधेरा ही अँधेरा, क़मर की रहनुमाई चाहती हूँ। शब्दार्थ अबस--व्यर्थ, फिज़ूल, बेकार लब-कुशाई-- बात करने के लिए होंठ खोलना।

अंशु विनोद गुप्ता

आज का इतिहास

1812 - नेपोलियन के नेतृत्व में फ्रांसीसी सेना मास्को के क्रैमलिन पहुंची। 1959 - भारत की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा दूरदर्शन की शुरुआत। 1982 - लेबनान के निर्वाचित राष्ट्रपति बशीर गेमायेल की पदासीन होने के पूर्व ही बम बिस्फोट में हत्या। 1894- प्योंगयांग की लड़ाई में जापान ने चीन को करारी मात दी। 1916 - प्रथम विश्व युद्ध में पहली बार सोम्मे की लड़ाई में टैंक का इस्तेमाल किया गया। 1948 - स्वतंत्र भारत का पहला ध्वजपोत आईएनएस दिल्ली बंबई(अब मुंबई) के बंदरगाह पर पहुंचा। 1959 - भारत की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा दूरदर्शन की शुरुआत हुई। 1971 - हरी-भरी और शांति पूर्ण दुनिया के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध ग्रीन पीस की स्थापना की गई। 1981 - वानुअतु संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना। 2000 - सिडनी में 27वें ओलम्पिक खेलों का शुभारम्भ। 2001 - अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति को अफ़ग़ानिस्तान पर सैनिक कार्रवाई की मंजूरी दी। 2002 - न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के अवसर पर भारत, चीन एवं रूस के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित, थाईलैंड के सट्टाहिम में श्रीलंका सरकार व लिट्टे के बीच सीधी वार्ता शुरू।

QUIZ TIME

1) कहाँ स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्वकप 2023 आयोजित किया जाएगा?

2) हाल ही में प्रतिष्ठित जर्मन शांति पुरस्कार 2023 से किसे सम्मानित किया गया है?

3) मर्र डालिग नदी के किनारे कौन-सा देश बसा है?

4) हाल ही में 132 वां डूरंड कप 2023 का खिताब किसने जीता है?

5) उधमपुर रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर क्या रखा गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जेनेवा, भारत (2) समान फ़रक़ी (3) ऑस्ट्रेलिया (4) मोहन बागान सुपर जॉइंट (5) शहीद कैप्टन गुमान सिंह रेल स्टेशन

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज का दिन अधिक भाग-दौड़ वाला रहेगा। आज आपको कोई नापसंद कार्य भी मजबूरी में करना पड़ेगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए धन लाभ कराने वाला रहेगा। आज आपको जिस कार्य मे हानि की संभावना रहेगी उससे भी अकस्मात धन लाभ प्राप्त करेंगे।

कर्क-आज के दिन कुछ कार्यो को लेकर आप असमंजस की स्थिति में रहेंगे। अन्य लोगो के हस्तक्षेप देने पर भ्रमित होने की संभावना है।

सिंह-आज के दिन परिस्थितियों ने सुधार आने लगेगा आज कार्य क्षेत्र पर व्यवस्था बदलने के बाद ही आर्थिक स्थिति बेहतर बन सकेगी।

कन्या-आज के दिन आपको अकस्मात हानि का सामना करना पड़ेगा। जिस भी कार्य को आरम्भ करेंगे उस मे किसी अन्य के कारण विलम्ब होगा।

तुला-आज के दिन घर-परिवार एवं सार्वजनिक क्षेत्र पर आपकी सम्मानजनक स्थिति बनेगी। आज आप किसी भी कार्य मे ज्यादा तामझाम करना पसंद नही करेंगे।

वृश्चिक-आज दिन के आरम्भ से ही आप महत्त्वपूर्ण कार्यो के सहज सपन्न होने से उत्साहित रहेंगे। परिवार के सदस्य से शुभ समाचार मिलने पर उत्साह में और वृद्धि होगी।

धनु-आज के दिन परिस्थितियां आपकी आशा के अनुकूल रहेंगी। लेकिन महिलाये आज जो भी विचारेंगी पन्न उसके विपरीत ही मिलेगा।

मकर-आपको विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। दिन के आरम्भ में स्वास्थ्य ठीक रहेगा लेकिन मध्यान तक कुछ ना कुछ विकार आने से कार्य प्रभावित होंगे।

कुंभ-आज आप जिस भी कार्य को करने की योजना बनाएंगे उसमें सपन्न अवश्य होंगे। आज आपको आस-पास का वातावरण भी उत्साह बढ़ाने वाला मिलेगा।

मीन-आज के दिन आपको पूर्व में की गई मेहनत का फल धन लाभ के रूप में मिलेगा। दिनचार्य भी सुव्यवस्थित रहने से किसी भी कार्य को लेकर ज्यादा मशक्कत नही करनी पड़ेगी।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -186

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 185 का हल

ग	ल	त				खा	म	खाँ
णे		ल		झ	प	की		
श	र	ब	त		रं			मि
	ज	गा	ना		प	रा	का	ष्

उप राष्ट्रपति धनखड़ 15 सितंबर को माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे

उप राष्ट्रपति लगभग 500 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान करेंगें और नवीन परिसर का करेंगे लोकार्पण

उप राष्ट्रपति द्वारा नवीन परिसर का लोकार्पण गौरव की बात - मंत्री शुक्ल

जनसंपर्क मंत्री शुक्ल ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की

भोपाल/नवप्रदेश। उप राष्ट्रपति एवं कुलाध्यक्ष माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय श्री जगदीप धनखड़ गुरुवार 15 सितंबर को भोपाल में विश्वविद्यालय के बिसनखेड़ी स्थित नवीन परिसर का लोकार्पण करेंगे। साथ ही एमसीयू के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे। जनसंपर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ द्वारा एमसीयू के नवीन परिसर का लोकार्पण किया जाना गौरव की बात है। मंत्री श्री शुक्ल ने तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने परिसर के कार्यक्रम स्थलों का भी मुआयना किया और सुरक्षा व्यवस्था एवं आवागमन रूट की जानकारी प्राप्त की। जनसंपर्क मंत्री ने एमसीएयू के रीवा परिसर के निर्माण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। मंत्री श्री शुक्ल ने रीवा परिसर में हॉस्टल, खेल सुविधाओं के साथ फैकल्टी आवास के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने रीवा परिसर के खंड-1 के 20 सितंबर को प्रस्तावित लोकार्पण की तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिये। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विश्वविद्यालय की सफलता का ही प्रभाव है कि आज लाखों विद्यार्थी विभिन्न परिसरों के माध्यम से पत्रकारिता की विभिन्न विधाओं की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति ऐतिहासिक है। उन्होंने कुलपति प्रो. के.जी. सुरेश सहित विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ को इस उपलब्धि के लिये बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं। जनसंपर्क मंत्री श्री शुक्ल ने विश्वविद्यालय के परिसर में संचालित सामुदायिक रेडियो ÷रेडियो-कर्मवीर÷ के सफल संचालन के लिये कुलपति, संबंधित छात्रों एवं शैक्षणिक स्टाफ को बधाई दी। जनसंपर्क मंत्री ने कहा कि शासन की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दूरस्थ छोर के व्यक्ति तक पहुँचाने में रेडियो आज भी प्रासंगिक है।

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय कुलपति प्रो.(डॉ) के.जी. सुरेश ने बताया कि दीक्षांत समारोह में जून 2018 से दिसंबर 2022 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएँगी। समारोह में स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के 23 विद्यार्थियों सहित लगभग 500 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय के भोपाल सहित पांच परिसर और सोलह सौ अध्ययन केंद्र हैं, जिनमें लगभग 2 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में दो अकादमिक भवन तक्षशिला एवं विक्रमशिला हैं। विश्वविद्यालय के चार-चार मंजिला भव्य इन दो ब्लॉक में कुल दस विभाग संचालित होते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय भाषा विभाग की भी स्थापना की गई है। परिसर में नालंदा पुस्तकालय में 42 हजार से ज्यादा पत्रकारिता, मीडिया, जनसंचार, प्रबंधन, विज्ञापन, जनसंपर्क, कम्प्यूटर आदि अन्य विषयों की महत्वपूर्ण पुस्तकें हैं। साथ ही हर विभाग की अपनी पृथक लाईब्रेरी, सभागार एवं कांफ्रेस हॉल भी है। गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में एक साथ लगभग 850 से अधिक लोग बैठ सकते हैं।

कांग्रेस से अल्पसंख्यक उम्मीदवार ही होगा मैदान में

बुरहानपुर/नवप्रदेश। आगामी विधान सभा 2023 के चुनाव में बुरहानपुर विधान सभा से कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक उम्मीदवार को ही अपना उम्मीदवार बनाएगी ये खबर दिल्ली के गलियारों से निकल कर आ रही है जिस तरह कर्नाटका में कांग्रेस पार्टी आल कमान ने जिसकी जितनी भागीदारी ,,उसकी उतनी दावेदारी वाले पैटर्न पर अमल करते हुए अल्पसंख्यक समुदाय के 14 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में अपना उम्मीदवार बनाकर उतारा था और नतीजा ये निकला के उन 14 उम्मीदवारों में से 9 उम्मीदवारों ने चुनाव में कामयाबी हासिल कर जीत दर्ज कराई । अब मध्य प्रदेश में होने वाले विधान सभा चुनाव में भी जिसकी जितनी भागीदारी ,, उसकी उतनी दावेदारी वाले फॉर्मूले पर अमल करते हुए हर वर्ग को उसकी भागीदारी के हिसाब से चुनाव मैदान में उतारेगी और सभी ये बात अच्छी तरह से जानते हैं कि बुरहानपुर विधान सभा मध्य प्रदेश की दूसरी सबसे अधिक अल्पसंख्यक मतदाताओं वाली सीट है, जहां दो लाख नब्बे हज़ार मतदाताओं में से सिर्फ मुस्लिम समाज के ही एक लाख बीस हज़ार मतदाता हैं ,इस लिए माननीय राहुल गाँधी के इस फॉर्मूले पर दिल्ली में कवायद तेज़ हो गई है और इस सीट से कांग्रेस अल्पसंख्यक को ही चुनाव मैदान में उतारने की तैयारियों में जुट गई है अब पार्टी की ओर से भेजे गए परिवेक्षकों के समक्ष इस सीट से अल्पसंख्यक दावेदारों में सिर्फ दो ही दावेदारों ने भोपाल और दिल्ली तक अपने अपने बायो डाटा और आवेदन भेजे हैं उनमें पहले स्थान पर पूर्व विधायक हमीद काज़ी एवं उनके के बेटे नूर काज़ी का नाम है लेकिन चूंकि उन्होंने पिछली बार टिकट वापिस लौटा दिया था इस लिए पार्टी उनको इनकार कर सकती है और दूसरे स्थान पर अल्पसंख्यक नेता डॉ. फरीद काज़ी का नाम सबसे ज़्यादा चर्चाओं में है और अब तक के सभी सर्वे में उनका नाम शामिल रहा है और अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं

संक्षिप्त समाचार

विहिप, बजरंग दल ने निकाली शौर्य यात्रा

सतवास/नवप्रदेश। अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है 22 जनवरी में भगवान श्री राम लाला स्थापित होंगे राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा संपूर्ण क्षेत्र में शौर्य जागरण यात्रा निकाली जा रही है इसी के चलते कन्नौद जिले की यात्रा धारा जी नर्मदा किनारे तट से पूजाअर्चनाकर प्रारंभ हुई यात्रा क्षेत्र के अनेक गांवों से होती हुई नगर कांटा फोड़ पहुंची जहां अनेक स्थानों पर नागरीको समाज संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया यात्रा में राम दरबार की झांकी सजाई गई दो पहिया वाहन व चार पहिया वाहनों पर सवार होकर कार्यकर्ता जय श्री राम के नारे के साथ चल रहे थे यात्रा में प्रमुख रूप से प्रांत विभाग के राम विलास काली राणा ,यात्रा स्वागत प्रमुख पुरुषोत्तम परमार,बजरंग दल जिला संयोजक चंद्र केसर बिश्नोई यात्रा प्रमुख नितिन राव मराठा विक्रम प्रजापत दौलत यादव कान्हा जिनोदिया रोहित दुबे सत्यनारायण जानी हुकुम प्रजापति मोहित जाट कैलाश जाट, सोनू ,रोहितआदि शामिल होकर चल रहें थे। सतवास पहचने पर यात्रा में मात्र शक्तियां भी शामिल हुई।

पुलिस ने जब्त की लाखों रुपये की अवैध शराब

बिस्टान/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस ने लाखों रुपये की अवैध शराब परिवहन करते जब्त की है । टी आई अनिल बामनिया ने बताया कि सोमवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की बोरखेड़ा तरफ से एक सफेद रंग की कार में अवैध शराब भरकर देवला तरफ लेकर जा रहे है । इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दी गई । तो बोरखेड़ा तरफ से एक सफेद रंग की कार आते दिखाई दी । जिसको बोरखेड़ा देवला फाटे पर पकड़ लिया गया। कार को चेक करने पर उसमें नो पेटी रॉयल सिलेक्ट, 14 , पेटी सफ़ेद प्लेन 12 पेटी ले माउन्ड बियर कुल 35 पेटी शराब भरी हुई थी । जिसकी कीमत 1,29, 500 तथा गाड़ी एमपी नो सीएस 9383 कीमत 7, 79, 000 को जप्त की गई है। चालक का नाम पता पूछते अपना नाम मौकम पिता लाल सिंह राजपूत निवासी पीडोरिया शाजापुर हाल निवास इंदौर को मौके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने क्रमांक 254/23 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध किया है । प्रकरण में शराब एवं वाहन किसका है , कहा से आया है । इसकी जानकारी हेतू आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जायगा । थाना प्रभारी अनिल कुमार बामनिया प्रधान आरक्षक मुकेश यादव , मोतीलाल अश्के , आरक्षक राहुल आटपाडकर , आर अमित उपाध्याय आर जयपाल का विशेष योगदान रहा है ।

सिविल हॉस्पिटल भेरूंदा में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

भैरूंदा/नवप्रदेश। सिविल हॉस्पिटल भैरूंदा में डी फिटनेस प्वाइंट के प्रोपराइटर दिनेश पवार द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया,तो वही रक्तदान करने वाले सभी युवाओ को फल व मैंगो जूस का वितरित किया गया। रक्तदान शिविर में ब्लड डोनेट करने वालों में 71 युवा व 02 महिलाओं द्वारा रक्तदान किया गया,रक्तदान करने वाले लोगों को ब्लड बैंक सीहोर द्वारा प्रमाण पत्र भी दिए गए। वही जानकारी देते हुए योगेंद्र मिश्रा ने बताया कि छोटे बच्चे व महिलाओं को इमरजेंसी में खून की आवश्यकता ज्यादा होती है जिसके चलते डी फिटनेस प्वाइंट द्वारा इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ताकि जरूरतमंद लोगों को ब्लड उपलब्ध कराया जा सके ।वही सीहोर ब्लड बैंक से आए, लैब टेक्नीशियन ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी मरीज व जरूरतमंदों को यह ब्लड दिया जाता है, जो बिल्कुल फ्री दिया जाता है, जिसका कोई भी शुल्क नहीं जाता।

लव कुश जन्मोत्सव पर कुशवाहा समाज ने निकाला भव्य चल समारोह

भैरूंदा/नवप्रदेश। नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के पुत्र लव-कुश के जन्म उत्सव के उपलक्ष में कुशवाह समाज द्वारा भव्य चल समारोह निकाला गया,जो इंदौर रोड विशाल पेट्रोल पंप से प्रारंभ सीहोर नाका, दुर्गा मंदिर चौराहा, बस स्टैंड, कृषि उपज मंडी होते हुए,भोपाल रोड स्थित सोना पैलेस पहुंच। इस चल समारोह में कुशवाह समाज के युवा डीजे की धुन पर नाचते दिखे, तो वही युवाओ ने अपनी कला का प्रदर्शन भी किया तो वहीँ भगवान श्रीराम के पुत्र लव कुश की प्रतिमाएं रथों पर रखी गई, जिनके पीछे कुशवाहा समाज की महिलाएं अपने सिरों पर कलश सजाए झांकी के पीछे-पीछे चल रही थी। कुशवाहा समाज द्वारा हजारों लोगों को लेकर एक उत्सव के रूप में लवकुश जन्मउत्सव को मनाया गया, भेरूंदा नगर के वरिष्ठ समाज सेवक, नेताओं व प्रतिष्ठानों पर जगह-जगह फूल बरसाकर चल समारोह का स्वागत किया गया।

निवाली से प्रारंभ हुई भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा

बड़वानी/नवप्रदेश। भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा 12 सितंबर को जिला बड़वानी के विधानसभा क्षेत्र पानसेमल के निवाली से आरंभ हुई। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि इस जन आशीर्वाद यात्रा में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल तथा मध्य प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा ने यात्रा को रवाना किया। जन आशीर्वाद यात्रा के पहले बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आम नागरिकको ने इसका स्वागत किया। यात्रा के आगे बड़ी संख्या में भाजपा के युवा कार्यकर्ता दो पहिया वालों पर सवार होकर रैली के रूप में आगे आगे चल रहे थे ।यहां पर प्रदेश के मंत्री प्रेम पटेल ,सांसद गजेंद्र सिंह पटेल अंतर सिंह आर्य , आई डी ए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा,प्रदेश यात्रा प्रभारी अश्विनी राय,राउ के पूर्व विधायक जीतू जिराती ,प्रदेश भाजपा के सह मीडिया प्रभारी दीपक जैन, पूर्व सांसद सुभाष पटेल भाजपा के जिला अध्यक्ष ओम सोनी लोकेश शर्मा, राज्य सभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, राजेश सोनकर पूर्व विधायक दीवान सिंह पटेल तथा कन्हैयालाल सिसोदिया व भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। यात्रा निवाली के मुख्य चौराहे पर पहुंची ।

कांग्रेस ने डॉ. अम्बेडकर और उनके संविधान का अपमान किया है। यह बात निवाली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहीं। उन्होंने कहा कि आशीर्वाद क्या होता है और कौन मांगता है यह बीजेपी का हक है क्योंकि भाजपा काम करती है और मतदाता भाजपा को अपना आशीर्वाद देते भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसका गठबंधन राम के अस्तित्व को ही नकारता है वह सनातन धर्म को जड़ से मिटाना चाहते हैं जिसमें वे कभी सफल नहीं होंगे ।क्योंकि कांग्रेस और उसके गठबंधन ने हमेशा धर्म का अपमान ही किया है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि बहुत जल्द मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। कांग्रेस और उसके साथी कभी शिव कभी देवी कभी हनुमान के भक्त बनकर आपके सामने आएंगे जिससे आपको सावधान रहना होगा क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा ही हिंदुओं का अपमान किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस और उसके गठबंधन के लोगों को सिर्फ सत्ता चाहिए जबकि भाजपा को सेवा का मौका। यहां का जन सैलाब बता रहा है कि मतदाता कांग्रेस को नहीं चाहते तथा आने वाले चुनाव में वह अपना आशीर्वाद भाजपा को ही देंगे। वही केंद्रीय मंत्री पहलाद पटेल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के लिए लगातार योजनाएं बनाकर काम कर रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार की योजनाओं का प्रदेश हर आम नागरिक पूरा लाभ ले रहा है।

भाजपा प्रत्याशी के साथ शासकीय अमले के घूमने पर कांग्रेस ने जताई आपत्ति

डिंडोरी/नवप्रदेश। जिले में चुनावी संग्राम शुरू इस दौरान आरोप प्रत्यारोपों का दौर भी शुरू हो चुका है। सोमवार को जिला मुख्यालय में चुनाव के चलते बड़ा शक्ति प्रदर्शन देखने मिला जबकि अभी तक किसी भी पार्टी ने अपने अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। शहपुरा क्षेत्र में भाजपा ने पूर्व विधायक और भाजपा नेता ओमप्रकाश धुर्वे को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है जो लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे है। हालाकि अभी किसी भी तरह का चुनावी प्रचार प्रारंभ नहीं हुआ है किन्तु कांग्रेस को भाजपा नेता के साथ शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के भ्रमण करने पर आपत्ति है। किसी विशेष जानकारी अथवा घटनाक्रम का उल्लेख किए बिना कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अपनी आपत्ति दर्ज करवाते हुए इस पर रोक लगाने की मांग एसडीएम से की है। भाजपा प्रत्याशी ओमप्रकाश धुर्वे के द्वारा शासकीय अधिकारी के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर रोक लगाने को लेकर अनुविभागीय अधिकारी, शहपुरा को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान ब्लॉक कार्यवाहक अध्यक्ष अजय शर्मा, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रेवा झारिया, अनुसूचित जनजाति विभाग जिला अध्यक्ष महेंद्र झारिया, आई टी सेल जिला अध्यक्ष संजय दुबे, समाज कल्याण प्रकोष्ठ जिला महामंत्री संदीप झारिया, अनुसूचित जनजाति विभाग ब्लॉक अनुराग झारिया, प्रभात झरिया, दुर्गेश झारिया एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधानसभा चुनाव 2018 में शहपुरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक भूपेंद्र मरावी और भाजपा नेता ओम प्रकाश धुर्वे के बीच मुकाबला हो चुका है जिसने भूपेंद्र मरावी ने शहपुरा क्षेत्र के पूर्व विधायक ओम प्रकाश धुर्वे को लंबी लीड से पटकनी दी थी।

प्रमोद सावंत ने आमसभा को किया संबोधित

बड़वानी/नवप्रदेश। गठबंधन ने अपना नाम बदला है बहुत जल्दी राहुल गांधी भी अपना नाम बदल लेंगे तो क्या जीत जाएंगे ।नाम बदलने से नियत और नीति नहीं बदलती। यह बात भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान जुलवानिया में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए गोवा के मुख्यमंत्री डॉक्टर प्रमोद सावंत ने कहीं। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा के विरोधी दलो ने अपना नाम बदला है नियत नहीं है। गठबंधन पार्टी के नेता के पुत्र सनातन धर्म को समाप्त करने की बात कर रहे हैं और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के पुत्र उसका समर्थन कर रहे हैं यह उनकी नियत बताती है।

प्रमोद सावंत ने कहा कि जुलवानिया के कार्यकर्ताओं ने कमल के फूल को जिता कर भोपाल भेजा तो मैं सबको गोवा वाले का ट्रेन का टिकट दूंगा। मध्य प्रदेश में सरकार बनाने की जिम्मेदारी आपकी है बस आप किसी की बहकावे में ना आए। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि इस दौरान मंत्री प्रेम सिंह पटेल व सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने भी संबोधित किया तथा सभी को संकल्प दिलाया कि वे पूरी मेहनत के साथ भाजपा को जीतने का काम करेंगे। वही जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी ने कहा कि 15 महीने की कांग्रेस सरकार में राजपुर विधानसभा के विधायक बजनदार पद पर रहे लेकिन क्षेत्र में कोई काम नही हुआ जबकि भाजपा की सरकार ने क्षेत्र में विकास के द्वार खोल दिये अतः इस बार राजपुर विधानसभा से भाजपा को जिताने का संकल्प दिलवाया। इस मौके पर मंच पर आई डी ए के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, नंदकिशोर पाटीदार, अंतर सिंह पटेल, लोकेश शर्मा, अंजना पटेल के अलावा सरपंच, सभी मंडलों के अध्यक्ष मौजूद

अवैध रूप से देशी कट्टा रखने वाला आरोपी आया पुलिस गिरफ्त में

कुक्षी/नवप्रदेश। कूक्षी के समीप ग्राम कोलगांव खाटुश्याम मंदिर के पास से अवैध रुप से देशी कट्टा रखने वाला आरोपी कुक्षी पुलिस की गिरफ्त मे,। आरोपी से एक 12 बोर का देशी कट्टा किमती करीबन 10,000 रुपये का जप्त अप.क्र. 0154/2023 धारा 25 आर्म्स एक्ट नाम *आरोपी राकेश पिता सीताराम कुमावत उम्र 35 वर्ष निवासी विश्वनाथखेड़ा ठिकरी जिला बड़वानी जप्त माल* - एक 12 बोर का देशी कट्टा किमती करीबन 10,000 रुपये घटना का संक्षिप्त विवरण श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय धार, श्री मनोजकुमार सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय धार, श्री इंद्रजीत बाकलवार द्वारा अवैध हथियार रखने के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के तहत श्रीमान एसडीओपी महोदय कुक्षी श्री सुनिल गुप्ता के मार्गदर्शन मे तथा श्रीमान थाना प्रभारी महोदय, कुक्षी निरी. राजेश यादव के निर्देशन में आज दिनांक 11.09.2023 को चौकी प्रभारी निसरपुर उपनिरीक्षक एन.एस कटारा द्वारा मुखबीर की सूचना पर अवैध रुप से देशी कट्टा रखने वाले आरोपी राकेश पिता सीताराम कुमावत उम्र 35 वर्ष निवासी विश्वनाथखेडा ठिकरी जिला बड़वानी को ग्राम कोलगांव खाटुश्याम मंदिर के पास से अवैध रुप से देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है व आरोपी राकेश के कब्जे से एक 12 बोर का देशी कट्टा किमती करीबन 10, 000 रुपये का जप्त कर आरोपी केविरुद्ध चौकी निसरपुर पर अप.क्रं. 0154/2023 धारा 25(1), आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय

गोवा के मुख्यमंत्री ने भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र में किया रोड शो

शिवराज मामा बनाएंगे नया मध्यप्रदेश: प्रमोद सावंत

खरगोन/नवप्रदेश।

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने विकास के अनेक कार्य किए हैं। विशेषकर ह्यूमन डेवलपमेंट के लिए कार्य किया है। जिस तरह से शिवराज मामा ने काम किया है वह अद्वितीय है। मामाजी की लाडली लक्ष्मी योजना तो देशभर में प्रसिद्ध है। इस कार्य के लिए मैं मामाजी का अभिनंदन करता हूं। मामाजी ने जिस तरह का काम मप्र के लिए किया है, इस सेगांव क्षेत्र के लोगों के लिए किया है, इसके लिए मैं निश्चित रूप से इस जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से फिर एक बार कमल की सरकार लाने के लिए आपसे आशीर्वाद मांगने आया हूं। मोदीजी के नेतृत्व में देश एक विकसित भारत, नया भारत निर्माण की ओर बढ़ रहा है। मामाजी भी नया मध्यप्रदेश का निर्माण करने के लिए तैयार है। आप लोग भी तैयार है तो मेरे साथ बोलिए भारत माता की जय। यह आह्वान गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद पी. सावंत ने खरगोन जिले के सेगांव में भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र की जनता से किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने बताया सोमवार को श्री सावंत ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही जन आशीर्वाद यात्रा में भागीदारी की। उन्होंने भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र के रसगांव से सेगांव तक खुले रथ पर सवार होकर रोड शो किया। सेगांव में उपस्थित हजारों कार्यकर्ता व ग्रामीणों को रथ से ही संबोधित किया। श्री सावंत ने आम जनता से अबकी बार भाजपा सरकार... भारत माता की जय... आदि नारे भी लगवाए। उन्होंने कहा मैं गोवा से यहां भाजपा की सरकार बनाने के लिए आया हूं। हमें मप्र में फिर एक बार डबल इंजन की सरकार लानी है। फिर एक बार मोदीजी की सरकार लानी है। फिर एक बार कमल की सरकार लानी है। अपनी सरकार अपनी बहनों के लिए, अपनी सरकार अपने किसानों के लिए, अपनी सरकार अपने पिछड़े लोगों के लिए लानी है। आपका जन आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी के साथ रहेगा। आपका जनआशीर्वाद मोदीजी के लिए रहेगा। मैं यह विश्वास लेकर आया हूं। सभा को संबोधित करते हुए खरगोन सांसद गजेंद्रसिंह पटेल ने कहा सेगांव क्षेत्र में नागलवाड़ी उद्वहन सिंचाई परियोजना का लाभ भाजपा की सरकार ने दिलाया है। बिस्टान उद्वहन सिंचाई परियोजना हो या खरगोन में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति, यह सब भाजपा की शिवराज सरकार ने प्रदान की है। क्षेत्र के सर्वांगीन विकास में भाजपा ने कोई कसर शेष नहीं रखी है। अब सेगांव की जनता का दायित्व है कि वह भगवानपुरा क्षेत्र में भाजपा का विधायक चुनकर भेजें। निरंतर 10 वर्ष से भाजपा का विधायक न होने से सेगांव क्षेत्र विकास की दौड़ में पिछड़ा हुआ है। इसे आगे लाना है तो भाजपा का साथ देना होगा।

जिले के सभी छह विस में पहुंची यात्रा: भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौर ने कहा भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में पहुंची। हमारा सौभाग्य रहा कि यात्रा का शुभारंभ मप्र के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने किया व इसका जिले में समापन गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत जी के माध्यम से हुआ है। अब हमारा भी दायित्व है कि भगवानपुरा सहित जिले की सभी छह सीटों पर भाजपा का विधायक चुनकर विधानसभा में भेजें ताकि डबल इंजन की सरकार बना सके। यात्रा के खरगोन जिला संयोजक परसराम चौहान ने जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में जनआशीर्वाद यात्रा की सफलता पर कार्यकर्ता व पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

रसगांव में लाडली बहनों ने किया स्वागत: सोमवार को यात्रा की शुरुआत खरगोन विधानसभा क्षेत्र के बगवां से हुई। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। यात्रा दसंगा होते हुए लोनारा पहुंची। मंच सभा को सांसद श्री पटेल ने संबोधित किया। तत्पश्चात यात्रा भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र के रसगांव पहुंची जहां लाडली बहनों ने गोवा के मुख्यमंत्री श्री सावंत को पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा की लोकप्रियता बढ़ी इसलिए सुव्यवस्थित आयोजन बड़ी जिम्मेदारी : बैज

■ **बस्तर दशहरा समिति की हुई बैठक, करेकोट मांझी मंगडू बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष मनोनीत**

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर दशहरा समिति की बैठक आज जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित की गई। सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष दीपक बैज और उद्योग एवं आबकारी मंत्री तथा प्रभारी मंत्री बस्तर जिला कवासी लखमा रायपुर से वर्चुअल रूप से बैठक में जुड़े।

बैठक में संसदीय सचिव रेखचंद जैन, विधायक एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड चंदन कश्यप, विधायक चित्रकोट राजमन बेंजाम, महापौर सफीरा साहू सहित जिले के जनपद पंचायत अध्यक्ष अनिता पोयाम, माटी पुजारी बस्तर राजपरिवार के कमलचंद भंजदेव, कलेक्टर विजय दयाराम के., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, आयुक्त नगर पालिक निगम हरेश मंडावी, तहसीलदार एवं बस्तर दशहरा समिति के सचिव यूके मानकर सहित मांझी, चालकी, मेम्बर, मेम्बरिन, पुजारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

बैठक में नए उपाध्यक्ष का मनोनयन किया गया। भाटपाल परगना के लक्ष्मन मांझी ने मंगडू मांझी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी मांझियों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। इस अवसर पर सांसद बैज ने नवनियुक्त उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि बस्तर दशहरा पूरे विश्व में प्रसिद्ध है तथा इसे देखने आने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में इसके सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि मावली परघाव के अवसर पर लोगों की उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के साथ ही अन्य सभी व्यवस्थाओं को बेहतर करना जरूरी है। इस दिशा में आवश्यक बजट की मांग शासन से की गई है। उन्होंने कहा कि पुजारी, मांझी, चालकी, मेम्बर, मेम्बरिन के अनुभव का लाभ सदैव बस्तर दशहरा के आयोजन के समय मिलता रहा है तथा इस वर्ष भी इसके बेहतर आयोजन के लिए सभी लोग सक्रिय सहभागिता निभाएंगे।

इस दौरान प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि पूरी दुनिया में विख्यात बस्तर दशहरा पर्व को सब लोग मिलकर उत्साहपूर्वक मनायेंगे। बस्तर दशहरा पर्व के लिए सभी व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में उपस्थित सदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि विश्वप्रसिद्ध बस्तर विभिन्न समुदायों की भागीदारी का अद्भुत उदाहरण है। यह हम सभी का पर्व है और इसे सफल बनाने के लिए सभी को सहयोग करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई को देखते हुए इसके भव्य आयोजन में किसी प्रकार की कमी न हो, इसके लिए शासन से अतिरिक्त राशि प्राप्त की जाएगी।

इस अवसर पर विधायक नारायणपुर चन्दन कश्यप और विधायक चित्रकोट राजमन बेंजाम ने भी बस्तर दशहरा पर्व को सब लोगों को सहकार की भावना के साथ मनाने पर बल दिया। इस दौरान मांझी-चालाकियों ने भी बस्तर दशहरा की सभी परंपराओं के नियमानुसार पालन तथा इसके सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आयोजन के लिए सुझाव दिए। बैठक में कलेक्टर विजय दयाराम के. ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि वर्ष 2022 में ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व के आयोजन के लिए शासन से 75 लाख रुपये आबंटित की गई थी। पर्व के आयोजन हेतु 95 लाख रुपये व्यय हुआ है जिससे करीब 20 लाख रुपये का भुगतान किया जाना शेष है। इस साल बस्तर दशहरा पर्व के सफल आयोजन के लिए शासन से एक करोड़ 10 लाख रुपये बजट आबंटन हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने सभी के सहयोग से बस्तर दशहरा पर्व को पूरी भव्यता के साथ मनाने आश्वस्त किया। बैठक के अंत में सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे ने आभार प्रकट किया।

समाजसेवी अजय मोटवानी को सांसद ने दिया निक्षय मित्र सम्मान

कांकेर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य संबधी योजनाओं को मिशन मोड में जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से13 सितम्बर 2023 को भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपती मुर्मु के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से आयुष्मान भवः कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।जिसका जिला स्तरीय शुभारंभ मोहन मंडावी सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर के द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीराम नगर कांकेर में किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय समाजसेवी जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी को उनके स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया, तथा उन्हें प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र के रूप में सम्मान देकर रजिस्टर्ड किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत 17 वर्षों से अजय पप्पू मोटवानी शहर तथा जिले में स्वास्थ्य संबंधी पर्यावरण संबंधी तथा 136 लावारिस लाश अंत्येष्टि संबंधित सेवाएं निस्वार्थ भाव से देते जा रहे हैं । उनकी इन्हीं सेवाओ को दृष्टिगत रखते हुए शासन ने उन्हें निश्चय मित्र सम्मान देने का निर्णय लिया। जिसे आज इस कार्यक्रम में सांसद मोहन मंडावी द्वारा विशेष सम्मान पत्र देकर अभिनंदित किया गया। इस कार्यक्रम में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के जनमानस, मितानिन एवं स्वास्थ्य विभाग से डॉ अविनाश खरे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कांकेर, डॉ.सुनील कुमार सोनी नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत कांकेर रोहित वर्मा जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन.एच.एम सनत पटेल जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान भारत कांकेर,विनोद वैद्य जिला सलाहकार एनसीडी खंड चिकित्सा अधिकारी कांकेर एवं शहरी प्राथमिक केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारी गण तथा ÷जन सहयोग÷ के समाजसेवी उत्तम मिश्रा उपस्थित थे। अजय पप्पू मोटवानी को दिए गए केंद्र सरकार के इस सम्मान से नागरिकों में हर्ष है।

निजी स्कूल प्रबंधकों ने विभिन्न मांगों को लेकर संस्थान रखा बंद

■ **जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में 14 सितम्बर 2023 को प्रदेश संगठन के आहवान पर पूरे छत्तीसगढ़ में प्राईवेट स्कूल को बंद रखा गया। इसी तारतम्य में कांकेर प्राईवेट स्कूल एशोसिएशन द्वारा प्रदेश संगठन के समर्थन में 14 सितंबर 2023 को एक दिवसीय विद्यालय बंद रखने के लिये जिला प्राईवेट स्कूल पदअधिकारी जिला अध्यक्ष धमेन्द्र दुबे, सचिव उमेश साहू, उपाध्यक्ष मनोज राजपूत, दिगंबर सिंह चौहान, कोशाध्यक्ष राजेश राव शिंदे, कार्यकारणी अध्यक्ष लीलेश ठाकुर, उपकोषाध्यक्ष जलसिंह नेताम गौरव हिरवानी, गुरू प्रकाश सीमा मुखजी, अंजु पाण्डे कांकेर ब्लाक अध्यक्ष योगेश रजक, नरहरपुर अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा, चारमा अध्यक्ष लीलेश ठाकुर, भानुप्रतापपुर अध्यक्ष राजेश राव शिंदे, दुर्गकोदल अध्यक्ष अमोल बेदकर,प्रमुख सलाहकार रितेश चौबे मनीष फादर, राज भारती अंतागढ़ अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव द्वारा 13-सितंबर 2023 को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौपा गया था। प्राईवेट स्कूल प्रदेश संगठन के निम्न मांगे शासन से की गई है पिछले 12 वर्षो से आर-टी-ई की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है।बसों की अवधि छ-ग- में 12 वर्ष है और देश के अधिकांश राज्यों में यह 15 वर्षो के लिए है।निजी स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाओं को भी सरस्वती साईकिल योजना का लाभ दिया जाये। आर-टी-ई- की रूकी हुई प्रतिपूर्ति राशि को अधिकांश स्कूलों के खाते में हस्तांतरित किया जाये।गणवेश की राशि 540/--रू. से बढ़ाकर 2000/- रू. किया जाये। निजी विद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्यपिछड़ावर्ग के विद्यार्थियों को मिलने वाली प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति की राषि बढ़ाई जाये इन सभी मांगों को लेकर कांकेर जिला के सभी प्राईवेट स्कूल पूर्णतः बंद रहें।

पोला तिहार पर पशुपालकों को मिली सौगात

नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर जिले के पशुपालकों के लिए पोला त्योहार एक नई खुशियां लेकर आया है। जिले के दोनों विकासखण्ड के लिए मोबाइल वेटनरी यूनिट की दो गाड़ियों को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्यामबती रजनू नेताम, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मांझी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री देवनाथ उसेंडी, कलेक्टर श्री अजीत वसंत एवं जिला पंचायत सीईओ श्री देवेश ध्रुव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोबाइल वेटनरी यूनिट में एक डॉक्टर, एक पैरावेट, और एक ड्राइवर सह अटेंडेंट की नियुक्ति की गई है। ये इकाई गोठान ग्राम एवं अन्य गांवों पहुंचकर किसानों और पशुपालकों को पशु चिकित्सकीय सेवायें जैसे उपचार, औषधि वितरण, कृमिनाशक दवापान, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान जैसे पशु संरक्षण एवं संवर्धन गतिविधियों को संपादित करेगी। पशुधन विकास विभाग के मार्गदर्शन में दैनिक रोस्टर अनुसार एक इकाई प्रतिदिन दो गोठान में अपनी सेवायें देगी। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर महोदय ने जिले के सभी किसानों से अपील किया कि इस सेवा का उपयोग कर उन्नत पशुपालन के माध्यम से ज्यादा लाभ अर्जित करें।

भृत्य, चौकीदार, अर्दली तथा फर्राश के रिक्त पद के लिए परीक्षा 23 को

नारायणपुर/नवप्रदेश। कार्यालय कलेक्टर राजस्व, आदिवासी विकास शाखा तथा आयुर्वेद विभाग में चतुर्थ श्रेणी के अंतर्गत भृत्य, चौकीदार, अर्दली तथा फर्राश के रिक्त पद हेतु चयनित अभ्यर्थियों का बहुवैकल्पिक परीक्षा 23 सितंबर को किया जाएगा। परीक्षा में भाग लेने वाले सभी महिला अभ्यर्थियों का परीक्षा केन्द्र शासकीय बुनियादी कन्या शिक्षा परिसर गरांजी, नारायणपुर एवं पुरुष अभ्यर्थियों का परीक्षा केन्द्र शासकीय बुनियादी बालक आवासीय विद्यालय गरांजी, नारायणपुर तथा शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बखरूपारा, नारायणपुर निर्धारित किया गया है। समस्त अभ्यर्थी उक्त दिवस पर दोपहर 12 बजे परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। विस्तृत विवरण जिले के वेबसाईट http://www.narayanpur.gov.in में अपलोड कर दिया गया है, एवं जिला कार्यालय नारायणपुर के सूचना पटल पर भी उपलब्ध है।

शिक्षक की भूमिका में कलेक्टर

■ **बच्चों से कहा मन लगाकर करे पढ़ाई मैरिट में आयेंगे तो मिलेगा हेलिकॉप्टर में बैठने का मौका : कलेक्टर**

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बीएलओ के कार्यो के निरीक्षण के दौरान संबंधित मतदान केन्द्रों के स्कूलों में बच्चों को पढ़ाया, उनसे प्रष्न पूछे, पहाड़ा सुनाने को कहा तथा गणित को हल करने भी कहा। गोविन्दपुर के विद्यालय में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों को पढ़ाते हुए बोर्ड की परीक्षा में राज्य की मेरिट सूची में अपना स्थान बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो भी विद्यार्थी राज्य स्तरीय मेरिट सूची में अपना स्थान बनायेगा, उन्हें हवाई जहाज से दिल्ली की यात्रा कराई जायेगी। कलेक्टर ने यह भी बताया कि इस वर्ष के मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को आगामी माह में हवाई जहाज से दिल्ली की यात्रा कराई जायेगी। कलेक्टर डॉ. शुक्ला ने मध्यान्ह भोजन का भी निरीक्षण किया तथा भोजन की गुणवत्ता के संबंध में रसोइयों से पूछताछ की।

मोबाइल एंबुलेंस को संसदीय सचिव ने दिखाए हरी

■ **डायल 1962 का लाभ ले सकेंगे जिले के पशुपालक : शोरी**

कांकेर/नवप्रदेश। संसदीय सचिव एवं कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी द्वारा जिले को प्रदाय 07 मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई वाहन को विकासखण्ड नरहरपुर से हरी झंडी दिखाकर जिले के सभी विकास खंडों के लिए रवाना किया गया। गौठान में मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई संचालन किये जाने का मुख्य उद्देश्य सेवा वितरण तंत्र को मजबूत करना है ताकि विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित हो सके तथा पशु की उत्पादकता में वृद्धि हो सके। जिलें में प्रत्येक विकासखण्ड में एक मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई का संचालन किया जाना है। पशुधन विकास विभाग के उप संचालक डॉ. सत्यम मित्रा ने बताया कि मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई योजना अंतर्गत जिलें के प्रत्येक विकास खण्ड हेतु 01-01 वाहन प्रदाय किया गया जो प्रातः 08 बजे से सांय 04 बजे तक अपनी सेवा प्रदान करेगा। मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस पर 02 या उससे अधिक गौठानों पर पूर्व अनुमोदित रोस्टर अनुसार कार्य संपादित किया जावेगा। पशुपालक टोल फ्री नम्बर 1962 डायल कर मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई की सेवा का लाभ उठा सकते है।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की बैठक संपन्न

■ **अधिक से अधिक कार्ड ब्लॉकिंग करने के दिए निर्देश : नंदनवार**



दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार की अध्यक्षता में आज जिला चिकित्सालय में जीवनदीप समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न एजेंडा अनुसार बिंदुवार किया गया चर्चा। जीवनदीप समिति की बैठक में जिले के अनेक स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि, भौतिक संसाधनों की उपलब्धता एवं सुधार तथा आवश्यक मानव संसाधनों की व्यवस्थाओं आदि महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक की गयी चर्चा। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय की दैनिक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिसमें टॉयलेट, बिजली, पानी आदि व्यवस्थाओं को सर्वप्रथम प्राथमिकता देने की बात कही। इसके साथ ही कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के मूलभूत आवश्यकताओं के लिए अधिक से अधिक कार्ड ब्लॉकिंग करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाख, सिविल सर्जन डॉ कपिलदेव कश्यप, डॉक्टर देश दीपक एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

निरीक्षकों ने किया किसानों से जैविक खेती के तरीकों पर चर्चा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। वृहद् क्षेत्र जैविक प्रमाणीकरण अंतर्गत क्षेत्रीय परिषद् से आये निरीक्षकों द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में किया गया भ्रमण दंतेवाड़ा जिला को पूर्ण रूप से जैविक बनाने के दिशा में वृहद् क्षेत्र प्रमाणीकरण अंतर्गत निरीक्षण हेतु क्षेत्रीय परिषद् (Centre For Sustainable Agriculture) के प्रतिनिधि श्रीमती पी. चन्द्रकला श्रीमती लक्ष्मी एवं श्री मनोज सयारे के द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया गया। निरीक्षक दल द्वारा जिले के कोरकोटी. भटपाल, मसेनार तथा दुगेली ग्रामों का भ्रमण किया गया। जिले के 110 ग्रामों का 65279.29 हेक्टेयर रकबा को वृहद् क्षेत्र प्रमाणीकरण अंतर्गत पंजीकृत किया जा चुका है जो की वर्तमान में देश में सबसे बड़ा क्षेत्र है। अपने दो दिवसीय भ्रमण में निरीक्षकों द्वारा किसानों से भेंट एवं उनके खेतों का भ्रमण किया गया। निरीक्षकों द्वारा किसानों से उनके अपनाए जा रहे जैविक खेती के तरीकों पर किया चर्चा। उनके द्वारा किसानों से बैठक कर उनको वृहद् क्षेत्र प्रमाणीकरण की प्रक्रिया के विषय में बताया गया। कृषि विभाग एवं निर्माण संस्था द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से जैविक कृषि को लेकर विगत सात वर्षों से दंतेवाड़ा में वृहद् स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप जिले के 110 ग्राम पूर्ण रूप से जैविक घोषित होने की प्रक्रिया में है।

खनिज के अवैध उत्खनन व परिवहन को रोकने चलाया जाएगा विशेष अभियान

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ.प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज अमला द्वारा विशेष अभियान चलाया जाकर निरन्तर जॉच किया जावेगा तथा अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं एवं भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।जिला खनिज अधिकारी भूपेन्द्र चन्द्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा-21(1) एवं 21(2) के तहत निर्धारित अधिकतम दण्ड जैसे- 05 वर्ष अथवा 2 वर्ष का कारावास एवं पांच लाख रूपये तथा प्रत्येक दिन के लिये पचास हजार रूपये अर्थदण्ड का प्रावधानित है। उन्होंने बताया कि अवैध उत्खनन प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रों में उक्त प्रावधानों के उल्लेख करते हुए नोटिस बोर्ड, बैनर पोस्टर लगाये जायगें तथा ग्राम पंचायत स्तर पर मुनादी भी कराई जायेगी।

कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रभारी अधीक्षक लुकेश्वर राम निलंबित

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने प्री-मैट्रिक विशिष्ट बालक छात्रावास गोविन्दपुर के प्रभारी अधीक्षक एवं सहायक अधीक्षक (एल.बी.) लुकेश्वर राम साहू को कार्य में लापरवाही बरतने पर तत्काल निलंबित किया है। उल्लेखनीय है कि लुकेश्वर राम साहू को विभागीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कांकेर नियत किया गया है तथा निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

नपा अध्यक्ष और एडीएम ने खिलाई बच्चों को एल्वेडाजॉल की गोली

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का हुआ आयोजन

शिवपुरी/नवप्रदेश।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ शासकीय एक्सीलेंस स्कूल नम्बर 1 में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा तथा एडीएम विवेक रघुवंशी ने बच्चों को एल्वेंडाजॉल की गोली खिलाकर किया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पवन जैन, प्राचार्य एवं जिला परियोजना समन्वयक विवेक श्रीवास्तव, डीआईओ डॉ संजय ऋषीश्वर, डॉ रतिराम धाकड, डीपीएम डॉ शीतल व्यास, डब्लू एचओ मोनीटर एवं संभागीय कोर्डिनेटर श्रीकांत जी, व्याख्यता श्रीमती स्वाती बांझल, एपीएम प्रदीप शर्मा, सुनील जैन सहित विधालय स्टाफ एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष म.प्र. में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 1 से 19 बर्ष तक के बच्चों को एल्वेंडाजॉल की गोली स्कूलों, आंगनवाडी केन्द्रों में खिलाई जाती है जिससे बच्चों और किशोर में खून की कमि सहित कई रोगों से बचाव किया जा सके। कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा के मुख्य आतिथ्य में तथा एडीएम विवेक रधुवंशी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। जिसमें

सर्व प्रथम मॉ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। उसके बाद स्कूली बच्चों को एल्वेडाजॉल गोली के फायदे गिनाते हुए बच्चों से कहा कि खाने में मीठे स्वाद की यह गोली खाने से पेट के कीडे मर जाते हैं जो खून की कमि, पेट दर्द, इम्यूनिटी कम होने के कारण होते हैं। इस गोली के सेवन से कीडे मर जाते है और कई स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान हो जाता है तथा पढने में भी मन लगता है। नगर पालिका अध्यक्ष ने भी गोली को स्वास्थ्य के लिए रामवाण औषधी निरूपित करते हुए बच्चों को भय के बिना गोली खाने की सलाह दी । कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पवन जैन ने बताया कि इस बर्ष सरकार ने 19 साल उम्र वाली गर्भवती महिलाओं एवं दूध पिलाने वाली महिलाओं को छोडकर सभी को एल्वेंडाजॉल की टेबलेट खिलाने के निर्देश दिए हैं। इसके पालन में आज महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे जिले में यह आयोजन किया गया है। आज छूटे हुए बच्चों को 15 सितम्बर 2023 को मोपप डे का आयोजन कर गोली का सेवन कराया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट विधालय के प्राचार्य एवं जिला परियोजना समन्वयक विवेक श्रीवास्तव व डॉ संजय ऋषीश्वर ने भी छात्र-छात्राओं का उत्साह बधर्न किया।

बच्चों को भरोसा दिलाने एडीएम ने खाई एल्वेंडाजॉल की गोली

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कृमि मुक्ति दिवस पर एक्सीलेंस स्कूल क्र 1 में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों को गोली खाने में भय न लगे इस उददेश्य से बच्चों से पहले स्वंय एडीएम ने गोली खाकर बच्चों का उत्साह बर्धन किया तो नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गायत्री शर्मा ने अपने हाथों से विधालय में अध्ययनरत छात्राओं को एल्वेंडाजॉल की गोली खिलाई।

सुंदरकांड पाठ का किया गया आयोजन

पटवारियों की हड़ताल 16वें दिन भी रही जारी

मुरैना/नवप्रदेश । मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आवाहन पर मुरैना जिले के समस्त पटवारी हड़ताल पर चले गए आज 16 वह दिन भी लगातार हड़ताल जारी है पटवारी ने आज हनुमान जी से प्रार्थना की है कि वह सरकार को सद्बुद्धि दे जिससे उनकी मांगों की सुनवाई हो सके पटवारी संघ का कहना है की 2800सो ग्रेट से वेतन , यात्रा भत्ता, आवास भत्ता तथा अतिरिक्त समय का देय भी मिलना चाहिए था पटवारी का कहना है कि हर काम में उन्हें आगे लगा दिया जाता है और वह काम पूरा करके देते हैं पूरे प्रशासन का लोड होने के ऊपर रहता है इसके बाद भी उन्हें ठीक तरीके से वेतन भत्ता और अतिरिक्त नहीं मिल पा रहा है इस दौरान उन्होंने सुंदरकांड कर कर हनुमान जी से प्रार्थना किया कि वह मुख्यमंत्री को हमारी मांगे मंदिर करने के लिए प्रेरित करें जिले भर में अलग-अलग तहसीलों पर पटवारी अपनी मांगों को लेकर बैठे हुए एक तरफ उनकी 16 दिन हड़ताल जारी है दूसरी तरफ किसान और आम आदमी अपने कामों के लिए पटवारी के अभाव में परेशान हो रहा है प्रशासन ने अभी तक इसकी कोई अतिरिक्त व्यवस्थाएं नहीं की है इस कारण से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 16 दिनों से चल रही प्रदेश व्यापी पटवारी की हड़ताल के चलते आमजन किसान ग्रामीण बेहद परेशान हो रहे हैं 12 सितंबर को जोरा स्थित अनुविभागीय तहसील कार्यालय में टेंट लगाकर हड़ताल कर रही पटवारी का कहना था कि जब तक है सरकार हमारी मांगों को मंजूर नहीं करेगी तब तक हमारी या हड़ताल जारी रहेगी वहीं दूसरी तरफ पटवारी की हड़ताल के चलते एसडीएम एवं तहसील कार्यालय मैं आने वाले किसान का ग्रामीण छात्र-छात्राएं अपने-अपने कामों के लिए बेहद परेशान हो रहे हैं विशेष कर जन्म प्रमाण पत्र मूलनिवासी सहित अन्य कार्यो के लिए छात्र-छात्राएं अपने-अपने आवेदनों को लेकर पटवारी की टिप लगाने के लिए घूम रहे हैं लेकिन 16 दिनों से पटवारी की हड़ताल के चलते छात्र छात्राओं के कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं वहीं नामांतरण सीमांकन जैसे अन्य कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले किसान भी परेशान हो रहे हैं वहीं दूसरी तरफ पटवारी भी अपनी जिद पर अड़े हुए हैं सरकार की सद्बुद्धि के लिए कभी सुंदरकांड करते हैं तो कभी तिरंगा यात्रा निकालकर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं हड़ताल पर पटवारी राम अवतार सिंह यादव मनीष शर्मा मनोज पाराशर गंभीर सिंह मानवेंद्र सिंह दीपक त्यागी सतीश त्यागी अजय उपाध्याय डैनी शर्मा सुनील यादव राकेश त्यागी विजय सिंह आदि बैठे हैं।

युवा शक्ति के तीन काम, शिक्षा, सेवा और मतदानः बीडी शर्मा

मुरैना । मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् जौरा के ब्लॉक समन्वयक श्री बीडी शर्मा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय जौरा में किया गया। सीएमसीएलडीपी छात्र, छात्राओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से तहत भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी अपनी अद्भुत प्रस्तुति दी साथ ही मतदान करने की शपथ दिलाई। श्री बीडी शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा भारत देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इस लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत आम जनता है, जिसे हम मतदाता भी कहते हैं। ये मतदाता ही है, जो लोकतंत्र का भविष्य तय करता है।

पीजी कालेज में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम हुआ आयोजितः प्राचार्य

दतिया। शासकीय पी.जी. कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहा हैं इसी क्रम में सोमवार को महाविद्यालय स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता का विषय था जागरूक मतदाता लोकतंत्र की रीड है। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ.जयश्री त्रिवेदी, डॉ. आशा यादव एवं डॉ. रश्मि सिंह रहीं। प्रतियोगिता का आयोजन स्वीप प्रभारी डॉ. ममता शर्मा द्वारा किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ.डीआर राहुल ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से महाविद्यालय के विद्यार्थियों में लोकतंत्र और मतदान की समझ विकसित होती है जिससे विद्यार्थी एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्य से परिचित होते हैं। हम सभी लोग आज उम्र के उस पडाव पर आ गए हैं जहां ब्यक्ति को पूर्ण रूप से समझदार व हर क्षेत्र में परिपक्व मान लिया जाता है जो छात्र छात्राए 18 आयू बर्ष पूरे कर चुके हैं वो देश के मतदाता हो जाते हैं इसलिए हम सभी को सोच समझकर मतदान अवश्य करना चाहिए यह हर मतदाता का स्वतंत्र अधिकार होता है।

सार-समाचार

स्वास्थ्य विभाग ने मनाया कृमि मुक्ति दिवस

आमला/नवप्रदेश । स्वास्थ विभाग द्वारा कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया.जिसमे बीएमओ डॉक्टर अशोक नरवरे के निर्देशन में मंगलवार को न्यू आइडियल स्कूल वार्ड 08 में राष्ट्रीय क्रमी मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया । जिसमे सभी आगनवाड़ी स्कूल में 1 से 19 साल के छात्र छात्राओं को अल्बेंडाजोल का सेवन कराया गया । इस अवसर पर वार्ड 08 की पार्षद ममता राकेश धामोडे द्वारा न्यू आइडियल स्कूल में स्वास्थ्य विभाग कि टीम कि उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। बैतूल से रेजिना जेम्स नोडल व बीई एस आर डांगे,बीपीएम सुमेधा देवहारे, एमआई हरसुले उपस्थित रहे तथा छात्र छात्राओं को क्रमी से बचने के उपाय व क्रमी द्वारा होने वाले संक्रमण के विषय में पर्याप्त जानकारी दी गई।

खंडवा स्टेशन पर नए कोच इंडिकेटर डिस्प्ले बोर्ड लगाने का काम हुआ शुरू

खंडवा/नवप्रदेश। रेलवे जंक्शन पर वर्षों पुराने लगे कोच इंडिकेटर डिस्प्ले बोर्ड को बदलने का काम भुसावल मंडल द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद रेल यात्रियों को नए डिजिटल वर्जन के डिस्प्ले बोर्ड पर कोच पोजिशन देखने में सुविधा होगी। रेल समिति पूर्व सदस्य मनोज सोनी ने बताया कि खंडवा रेलवे जंक्शन के प्लेटफॉर्मों पर रेल यात्रियों को कोच की वास्तविक स्थिति की जानकारी देने के लिए नए कोच इंटीग्रेटेड डिस्प्ले बोर्ड लगाने का कार्य किया जा रहा है। मार्च माह में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल की तत्कालीन डीआरएम एसएस केडिया के साथ भुसावल रेल मंडल कार्यालय में बैठक आयोजित हुई थी। इस बैठक में सांसद पाटिल ने खंडवा स्टेशन पर कोच डिस्प्ले ठीक से काम नहीं करने की बात कही थी। इसके बाद डीआरएम कार्यालय ने नए कोच डिस्प्ले बोर्ड लगाने की निविदाएं जारी कर अब इसे लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया। प्लेटफार्म नंबर 1, 2 और 5 सहित दोनों फूट ओवर ब्रिज, टिकिट बुकिंग ऑफिस के पास इन्हें लगाने का काम किया जा रहा है। अब रेल यात्रियों को कोच इंडिकेटर डिस्प्ले से स्पष्ट रूप से प्रत्येक कोच की पोजीशन आसानी से डिस्प्ले बोर्ड पर देखने को मिल जाएगी। आधुनिक डिजिटल वर्जन के कोच डिस्प्ले लगने से प्लेटफार्म भी आकर्षक दिखाईं देंगे।

सेन तिराहे के पास हुआ सीसी सड़क का भूमिपूजन

अशोकनगर/नवप्रदेश। नगरपालिका परिषद द्वारा मंगलवार को वार्ड क्र. 8 के अंतर्गत आने वाली सेन तिराहा के पास गली में सीसी सडक़ के निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक जजपाल सिंह जज्जी, नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया द्वारा सडक़ का भूमिपूजन किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त गली की सडक़ लंबे समय से जर्जर थी। उखड़े पेवर्सों के कारण लोगों को यहां से निकलने में काफी परेशानी आती थी। भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद प्रमेन्द्र तायड़े, पार्षद धर्मेंद्र रघुवंशी सावन, मंडल अध्यक्ष सलिल त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

गीता खटीक बनी कोलारस विधानसभा चुनाव की कांग्रेस प्रभारी, पार्टी नेताओं ने दी बधाई

कोलारस/नवप्रदेश। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए मध्य प्रदेश के समस्त विधानसभा क्षेत्र में मध्यप्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल द्वारा शिवपुरी जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय सिंह चौहान कांग्रेस के संगठन प्रभारी राजू बंसल की अनुशंसा पर कोलारस की महिला कांग्रेस अध्यक्ष गीता खटीक को कांग्रेस कोलारस विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी मनोनीत किया गया है गीता खटीक को कांग्रेस का कोलारस विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनने पर कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी है बधाई देने वालों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक शर्मा कांग्रेस कोषाध्यक्ष मोहन अग्रवाल हरिराम कोली एडवोकेट पंडित भानु पारीक मोहित अग्रवाल निश्चय भार्गव दीपक वत्स रामछारी बल्हेरा ममता जोशी रेखा कुशवाहा रानी कुशवाहा गंगो कुशवाह सुशीला कुशवाह अंगूरी ओझा रामसखी कुशवाह नारायणी कुशवाह परवीन शाह शमीना शाह जुबेदा खान शांति कुशवाह उमा जोशी आदि समस्त कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी है

बदरवास नगर परिषद उपाध्यक्ष के प्रयास से हुआ विद्युत समस्या का समाधान

कोलारस/नवप्रदेश। बदरवास नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 14 बराई रोड स्थित कालोनी में पिछले तीन दिनों से विद्युत की गंभीर समस्या समस्या बनी हुई थी विद्युत समस्या को देखते हुए बदरवास नगर परिषद उपाध्यक्ष भूपेंद्र यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया उसके फलस्वरुप 100 वाट का नया ट्रांसफार्मर रखकर उसकी विद्युत प्रभाह चालू करवाया एवं लोड अधिक होने के कारण 200 वाट के ट्रांसफार्मर की स्वीकृत कराकर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है एक–दो दिन में 200 वाट का ट्रांसफार्मर रखा हो जाएगा जिससे वार्ड क्रमांक 14 वारई रोड, रेलवे स्टेशन रोड ,वार्ड क्रमांक 12 हनुमान नगर कॉलोनी, आदि की जो समस्या विद्युत से आ रही थी उससे वार्डवासियों को राहत मिलेगी बदरवास नगर की विद्युत व्यवस्था को लेकर नगर परिषद उपाध्यक्ष पूर्व में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को नगर में आ रही विद्युत समस्याओं से अवगत कराया था एवं विद्युत ढांचे को नवीनीकरण को दृष्टिगत रखते हुए मांग पत्र दिया गया था जिसके फलस्वरुप बदरवास नगर में 34 नए ट्रांसफार्मर एवं लगभग 750 नए विद्युत खंबे नवीन लाइट के स्वीकृति मिल चुकी है जिससे संपूर्ण नगर में जो ओवरलोड एवं लाइट की समस्या आ रही थी उसे नगर वासियों को निजात मिलेगी।

घनश्याम पिरौनिया ने ग्रामीण क्षेत्रों में किया जनसंपर्क

दतिया/नवप्रदेश। मप्र बांस एवं बांस शिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष घनश्याम पिरौनिया ने मंगलवार को भांडेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंडोखर, बागपुरा, सोहन, बिंछरैटा एवं भांडेर नगर के विभिन्न बार्डो में जन संपर्क कर भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी किसानों एवं ग्रामीणों को दी। वहीं श्री पिरोनिया ने भांडेर नगर के टीबी टावर मोहल्ले में बंशकार समाज के सामुदायिक भवन में समाज बंधुओं की बैठक ली। बैठक में बंशकार समाज के लोगों ने पिरौनिया का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री पिरौनिया ने कहा कि मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाओं का संचालन किया है । बांस शिल्पी उन योजनाओं से लाभान्वित होकर स्वयं का और अपने परिवारों का भरण पोषण करें उन्होने कहा कि आज किसानों के खाते में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान की सरकार किसानों को राशि उपलब्ध करा रही है तथा लाडली बहन योजना के माध्यम से बहनों के खाते में भी राशि जमा हो रही है। वही कांग्रेस की सरकारों ने कभी भी शोषित पीड़ित अपेक्षित और वंचित समाज का कल्याण नहीं किया था। आज भाजपा की मोदी और शिवराज सिंह चौहान की सरकार समाज के अंतिम छोर के व्यक्तियों का कल्याण करने का काम कर रही है। आगामी 25 सितंबर को भोपाल के जंबूरी मैदान में भाजपा कार्यकर्ताओं का विशाल महाकुंभ आयोजित किया जा रहा है जिसमे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्यकर्ताओ को संवोधित करेंगे। भांडेर विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ता 24 तारीख को भोपाल के लिए कूच करेंगे। श्री पिरौनिया में समस्त भाजपा कार्य कर्ताओं एवं किसानों से जंबूरी मैदान की सभा में उपस्थित होने की अपील की है। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष बलदाऊ यादव, रामेश्वरम बंशकार, अंकुर दुवे, आग्याराम पाल, धनसिंह दीवान, पुन्नुलाल बंशकार, अतर सिंह पटेल, घनश्याम बंशकार, नरेन्द्र बंशकार, पूरनसिंह यादव, भज्जू दांगी, सौरभ शर्मा, बिट्टू किदबई, राजू बंशकार, शंकर सिंह गुर्जर, राज वहादुर सिंह गुर्जर, हेमंत शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह गुर्जर, चंद्रभान सिंह, करण सिंह, बहादुर सिंह राजपूत, जसपाल सिंह गुर्जर, चंदूसिंह गुर्जर, शुभम पटेल, मुकेश यादव आदि मौजूद रहे।

चार घंटे की बिजली कटौती से परेशान हुए शहरवासी

अशोकनगर/नवप्रदेश। मंगलवार को शहर के मेन बाजार, स्टेशन रोड, पुराना बाजार, विदिशा रोड, खालसा कॉलोनी, ईसागढ़ रोड, अस्पताल चौराहा, कोर्ट परिसर, कलेक्ट्रेट परिसर सहित कई क्षेत्रों में विद्युत कटौती के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। सप्ताह के शुरूआती दिनों में लोग शासकीय दफ्तरों में कामकाज के लिए भी पहुंचते हैं लेकिन विद्युत कटौती के कारण लोगों को आवेदन बनवाने, फोटोकॉपी सहित अन्य काम कराने के लिए परेशान होना पड़ा। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि.अशोकनगर द्वारा मंगलवार को 33/11 केव्ही उपकेन्द्र अशोकनगर में नवीन 33 केव्ही व्हीसीबी स्थापित करने हेतु विद्युत प्रदाय बंद किया गया था। इस संबंध में एक दिन पहले सहायक प्रबंधक प्रदीप मंगरोलिया के द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया गया था कि मंगलवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक उपकेन्द्र अशोकनगर पर नवीन 33 केव्ही व्हीसीबी स्थापित कार्य होने से विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष

'सत्ता के लालच में कांग्रेस सनातन

भर गए हैं कि उन्होंने आपकी पहचान, संस्कृति के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इन्होंने जो गठबंधन बनाया है, इसे लोग घमंडिया भी कह रहे हैं। मोदी ने कहा, 'इस गठबंधन ने तय किया है कि वो भारत की सनातन संस्कृति को समाप्त करके रहेगा यानी जो संस्कृति हजारों साल से भारत को एक किए हुए है, सत्ता के लालच में ये लोग उसे तोड़ना चाहते हैं। 'सनातन संस्कृति वो है जिसमें राम शबरी को मां कहकर उनके जूठे बेर आनंद से खाते हैं। सनातन संस्कृति वो है जहां राम निषादराज को अपने भाई से भी बढ़कर बताते हैं। सनातन वो है जहां राम केवट को गले लगाकर धन्य हो जाते हैं, सनातन वो है जिसमें वानरों की सेना राम की शक्ति बढ़ाती है।

क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास : प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ के नौ जिलों में 50 बिस्तरों वाले 'क्रिटिकल केयर ब्लॉक' का भी शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत कुल 210 करोड़ रुपये की लागत से दुर्ग, कोंडागांव, राजनांदगांव, गरियाबंद, जशपुर, सूरजपुर, सरगुजा, बस्तर और रायगढ़ जिलों में 9 क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। साथ ही सिकलसेल रोग की जांच की गई आबादी को एक लाख सिकलसेल परामर्श कार्डो का भी वितरण किया। सिकलसेल परामर्श कार्ड का वितरण राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन (एनएसएईएम) के तहत किया जा रहा है।

14 न्यूज एंकरों का विपक्षी ...

ए नारासिम्हान, गौरव सावंत, अदिति त्यागी, सुशांत सिन्हा, अशोक श्रीवास्तव, शिव अरूर के नाम शामिल हैं। वहीं इंडिया गठबंधन की लिस्ट में बहिष्कृत किए गए आजतक के एंकर सुधीर चौधरी ने इस लिस्ट पर प्रतिक्रिया दी है। सुधीर ने ट्वीट करते हुए लिखा कि, इंडिया गठबन्धन ने उन पत्रकारों की लिस्ट जारी की है जिन्होंने 'चरण चुंबक' बनने से इनकार कर दिया। अब इनका बहिष्कार किया जाएगा। अब देखना ये है कि भारत का मीडिया इसका क्या जवाब देता है। वहीं इस लिस्ट में शामिल एक अन्य एंकर अदिति त्यागी ने ट्वीट कर लिखा कि, देश के लिए सवाल पूछने वालों की लिस्ट में अपना नंबर पहला है, त्यागी डरते नहीं! जय हिंद।

भारत को विश्व की टॉप-3

कभी देश के खस्ताहाल राज्यों में शामिल था, आज विकास की नई ऊँचाई छू रहा है। आजादी के बाद लम्बे समय तक यहां भ्रष्टाचार, अन्याय और अत्याचार का बोलबाला रहा है। कोई कानून व्यवस्था थी ही नहीं। उद्योग और व्यापार चौपट थे। केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार ने पूरी ईमानदारी से मध्यप्रदेश का भाग्य बदलने का कार्य किया है। पहले स?क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएँ भी नहीं थीं। आज हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। हर गाँव तक स?क, हर घर में बिजली, हर क्षेत्र में पानी पहुँच रहा है। निवेशक यहाँ आना और निवेश करना चाहते हैं। मध्यप्रदेश तेज गति से औद्योगिक विकास कर रहा है। इसके लिये यहाँ की जनता, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जी-20 की सफलता से आज पूरे विश्व में भारत का मस्तक ऊँचा हुआ है। गाँव-गाँव के बच्चे की जुबान पर जी-20 का नाम है। जी-20 की सफलता का श्रेय मोदी को नहीं बल्कि देश की 140 करो? जनता को जाता है। यह भारत की सामूहिक शक्ति का परिणाम है। विदेशी मेहमानों ने कहा कि उन्होंने ऐसा आयोजन कभी नहीं देखा। हमने उनका स्वागत दिल खोलकर किया। वे हमारी विविधता और समृद्ध विरासत को देखकर प्रभावित हुए। जी-20 की बैठकों का सफल आयोजन भोपाल, इंदौर और खजुराहो में भी किया गया। जी-20 के सफल आयोजन में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और इसके लिये मैं शिवराज की टीम-मध्यप्रदेश की प्रशंसा करता हूँ।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आजादी के अमृत काल में हर भारतवासी ने देश के विकास का संकल्प लिया है, परंतु इसकी सिद्धि के लिये भारत का आत्म-निर्भर होना जरूरी है। आज बीना में पेट्रो-केमिकल इकाई का शिलान्यास इस क्षेत्र में भारत को आत्म-निर्भर बनाने में सहायक होगा। अभी भारत को डीजल, पेट्रोल और अन्य पेट्रो-केमिकल सामग्री के लिये दूसरे देशों पर निर्भर रहना होता है। इन परियोजनाओं से पूरे क्षेत्र को विकास की नई ऊँचाई मिलेगी, नए उद्योग आएंगे और किसान, छोटे उद्यमी और ब?ी संख्या में नौजवानों को रोजगार मिलेगा।

राष्ट्र विरोधी ताकतों को मिलकर रोके

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज भारत विश्वमित्र के रूप में सामने आ रहा है, वह दुनिया को जो?ने का सामर्थ्य दिखा रहा है। यह हमारी सनातन संस्कृति ही है जिसने हजारों वर्षो से हमारे देश को जो? रखा है। भगवान श्री राम, देवी अहिल्याबाई, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, महात्मा गांधी सभी हमारी सनातन संस्कृति के प्रतीक हैं। महर्षि वाल्मिकी, माता शबरी, संत रविदास, लोकमान्य तिलक आदि सभी ने इसका संरक्षण किया है। परंतु आज कतिपय राष्ट्र विरोधी ताकतें इसे समाप्त करने की कोशिश कर रही हैं। ये फिर से देश को गुलामी में ढकेलना चाहती हैं। हमें साथ मिलकर पूरी ताकत से इन्हें रोकना होगा।

जनता की सेवा, मोदी की गारंटी

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जनता की सेवा, मोदी की गारंटी है और उसे निरंतर पूरा किया जा रहा है। हमने सबको पक्के घर, घर-घर शौचालय, सबको भोजन, निःशुल्क इलाज, सबके बैंक खाते, हर बहन को गैस कनेक्शन की गारंटी दी और उसे पूरा किया। देश में 40 लाख परिवारों को पक्के घर दिये गये हैं। उज्ज्वला योजना में बहनों को गैस कनेक्शन देकर धुएँ से मुक्ति दिलाई गई है। रक्षाबंधन पर गैस सिलेंडर की कीमत 200 रूपये कम की गई है। अब केन्द्र सरकार ने निर्णय लिया है कि 75 लाख और बहनों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिये जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वंचितों की वरीयता शासन का मूल मंत्र है। दिल्ली की सरकार हो अथवा भोपाल की, हम हर घर तक पहुँचकर जनता की सेवा कर रहे हैं। कोविड के संकटकाल में मुफ्त टीकाकरण मानवता की ब?ी सेवा थी। गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। सरकार खेती की लागत कम करने और किसानों के कल्याण के कार्य कर रही है। किसानों को सस्ता खाद- बीज दिलवा रही है। यूरिया खाद की जो बोरी अमेरिका में 3 हजार रूपये में मिलती है, हम किसानों को 300 रूपये में दिलवा रहे हैं। इस पर सरकार ने सरकारी खजाने से 10 लाख करो? रूपये खर्च किये हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखण्ड क्षेत्र को अत्यधिक लाभ होगा। आने वाली पी?यां भी इससे लाभान्वित होंगी।

एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा बमें पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के साथ धोखाधड़ी किया करते थे और भोले-भाले लोगों को अपना शिकार बनाते थे. इस मालमे में पुलिस ने हरियाणा के रहने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस को उनके पास से अलग-अलग बैंकों के 47 एटीएम और 2 लाख रुपये की नगदी बरामद की है।

दर्री सीएसपी रॉबिन्सन गुड़िया ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि प्रार्थी आशीष कांत पाल पिता अवनीकांत पाल उम्र 67 साल सा0 नेहरुनगर एमआईजी-71 चौकी मानिकपुर जिला कोरबा (छ0ग0) के द्वारा पुलिस चौकी सीएसईबी थाना सिविल लाईन रामपुर जिला कोरबा (छ0ग0) में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी बालको प्लांट से सेवानिवृत्त कर्मचारी है। प्रार्थी के नाम पर ढ्ढष्टष्ठष्टढ्ढ बैंक टीपी नगर कोरबा में खाता है। उक्त खाते में प्लेटिनम डेबिट कार्ड आवंटित हुआ है। अपने निजी कार्य हेतु रकम की आवश्यकता होने पर 11सित. को सुबह करीब 10:00 बजे में बुधवारी बाजार कोरबा स्थित एसबीआई एटीएम में रकम आहरण करने गया था। एटीएम में रकम आहरण करने के लिये जैसे ही मैने अपना एटीएम कार्ड मशीन मे डाला, उसके बाद एटीएम मशीन में कुछ एरर आ गया तथा मेरे द्वारा दिए गए कमाण्ड को नही ले रहा था, उसी समय एक लड़का एटीएम कक्ष में आया, जो हल्का स्काई सफेद रंग का टी शर्ट पहना था टी शर्ट में ड्डस्त्रद्बस्त्रड्डह्य लिखा था उसने प्रार्थी को बोला कि आपके कार्ड में कोई गडबडी हो गई होगी मैं अपना कार्ड डालकर देखता हूँ कहकर प्रार्थी के एटीएम कार्ड उसने मशीन से निकाला और अपना कार्ड डालकर देखा किन्तु उसमें भी एरर बताने लगा फिर वह लड़का प्रार्थी के एटीएम कार्ड को लौटाते हुए एक कार्ड दिया और चला गया। कुछ देर में प्रार्थी के मोबाईल पर 100000 /- आहरण हो जाने का मैसेज आया तब तत्काल बैंक प्रबंधन को फोन कर अपना कार्ड ब्लॉक करने हेतु सूचना दिया इसी दौरान पुनः 100000/- खाते से आहरण हो गया। फिर प्रार्थी को एहसास हुआ कि बुधवारी एटीएम में मिला लड़का उनकी मदद करने के बहाने छलपूर्वक एटीएम कार्ड को बदलकर अपना कार्ड दे दिया और प्रार्थी के एटीएम कार्ड से 200000/- आहरण कर धोखाधड़ी किया है। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक उदय किरण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा रॉबिनसन गुडिया एवं थाना प्रभारी सिविल लाईन रामपुर साथ में प्रभारी सायबर सेल कोरबा को दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर साइबर सेल की टीम चौकी प्रभारी सीएसईबी उप निरीक्षक नवीन पटेल द्वारा अपने अधिनस्थ स्टाफ आरक्षक देवनारायण कुर्रे, गोपीराम दिव्य हेराम चौहान को साथ लेकर घटनास्थल का सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर संदिग्ध आरोपियों की पहचान तत्परता से किया गया एवं टीम के द्वारा कोरबा जिले के सम्पूर्ण थाना / चौकी क्षेत्र में नाकेबंदी कराया गया तथा संदिग्धों का फोटोग्राफ विभागीय तौर पर प्रसारित किया गया, चेकिंग के दौरान पुलिस थाना कटघोरा क्षेत्र में निरीक्षक अश्वनी राठौर, सउनि रफीक खान, आरक्षक महेन्द्र चन्द्रा, रमेश कश्यप के द्वारा आरोपीगण के पुनः ठगी करने के प्रयास में पंजाब नेशनल बैंक एटीएम के पास एक आरोपी विक्रम उर्फ संदीप जाट को पकड़ा गया। जिनके अन्य साथियों की पतासाजी के दौरान दुसरा आरोपी शाहिद खान को बस से लुक छिप कर भागने के दौरान ग्राम बरीदखार गुरसिया थाना बांगो क्षेत्र में यातायात पुलिस चेकिंग पार्टी क्रमांक 02 में पदस्थ स0उ0नि0 सुदामा पाटले, प्रआर0 359 साहेबराम खटकर, आरक्षक आलोक पाण्डेय, संतोष रात्रे की टीम द्वारा पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपीगण (01) शाहीद खॉन (हुरोन) पिता आमीन उम्र 25 साल निवासी ग्राम घागोट मोआ अलावलपुर थाना चांदहट पलवल जिला पलवल (हरियाणा) पिन-121102 (02) विक्रम गोदारा उर्फ संदीप पिता स्व0 अशील कुमार जाति जाट उम्र 34 साल निवासी ग्राम सुरखपुर (सुर्खपुर) पो.आ. जोनडीह थाना दुजाणा जिला अझर (हरियाणा) पिन-124103 से पृथक-पृथक पूछताछ पर पता चला है कि उक्त अपराधियों के द्वारा इस अपराध के अतिरिक्त महारानी बाग थाना क्षेत्र नई दिल्ली में 70000/- का पुलिस थाना गोविन्दपुरी क्षेत्र नई दिल्ली में आर्म्स एक्ट के तहत पुलिस थाना रेवाडी दिल्ली एन.सी.आर. में 85000/- पुलिस थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र पानीपथ दिल्ली एन. सी. आर. में 134000/- पुलिस थाना बगरू जिला जयपुर राजस्थान में 80000/- एवं निवाड़ी जिला अलवर राजस्थान 30000/- तथा 65000/- के दो मामले, पुलिस थाना मुजेसर जिला फरीदाबाद (हरियाणा) में 3-4 बार तथा पुलिस थाना 28 सेक्टर जिला फरीदाबाद (हरियाणा) में 01 बार पुलिस थाना समालखा जिला पानीपथ क्षेत्र में 02 लाख रुपये का एटीएम फ्रॉड का अपराध घटित करना स्वीकार किया है। अभी 10.सित. को अंबिकापुर में 40000/- एवं कोरबा बुधवारी बाजार में प्रार्थी से 02 लाख रुपये को एटीएम कार्ड बदलकर आहरण कर ठगी करना भी स्वीकार किये है।

तानाखार में दावेदार मोहित केरकेट्टा का आरोप छवि खराब कर रहे कुछ लोग

कोरबा/नवप्रदेश। पाली-तानाखार के विधायक और कांग्रेस से टिकट की प्रबल दावेदार मोहितराम केरकेट्टा की छवि को प्रभावित करने प्रयास किए जा रहे हैं। इसी का नतीजा है जो राजनीतिक साजिश के तहत सोशल मीडिया पर अलग-अलग माध्यमों से वीडियो वायरल किए जा रहे हैं। उनका कहना है कि उन्होंने सदा ही जनहित और क्षेत्र की भलाई के लिए प्रयास करते रहने में विश्वास किया है। पर इस तरह की कोशिशों से उनका हौसला तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। बार बार हो रहे इस तरह बेबुनियादी राजनीतिक वार से वे झुकने या रुकने वाले नहीं हैं, बल्कि अपने उद्देश्य के अनुरूप तानाखार क्षेत्र के विकास के लिए इसी तरह जुटे रहेंगे।

जिले के पाली-तानाखार विधायक मोहितराम केरकेट्टा की टिकट दावेदारी को प्रभावित करने के लिए कई तरह के बेबुनियाद आरोप उजागर किये जा रहे हैं। पिछले दिनों वायरल एक वीडियो के मामले में कुछ घण्टे बाद ही ग्रामीण ने सच सामने लाकर विधायक पर लगे आरोपों को झुठला दिया। इसके बाद भी विरोधी मानसिकता के लोग शांत न बैठकर बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। इनमें शामिल सुनील अग्रवाल ने भी विधायक पर कई गंभीर लगाए लेकिन अब सुनील के ही कारनामों का पर्दाफाश हुआ है।

विधायक के करीबियों ने बताया कि सुनील अग्रवाल द्वारा अपने जीजा के नाम से निर्माण सामग्री दिलाने ग्राम पंचायत केसलपुर में सीसी रोड निर्माण कार्य की चेक राशि दो लाख चालीस हजार रुपए तथा ग्राम पंचायत पोड़ीगोसाई के आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य की चेक राशि दो लाख पचास हजार रुपए तथा ग्राम पंचायत बनखेता में सीसी रोड पुलिया निर्माण के 7 लाख रुपए के चेक राशि आहरण करने के बाद 2021-22 से सरपंचों को घुमाया जा रहा है। इस कारण से पंचायत के निर्माण कार्य लटके पड़े हैं। आक्रोशित होकर क्षेत्र क्रमांक 16 के जनपद सदस्य तथा ग्राम पंचायत, केसलपुर,पोड़ी गोसाई, बनखेता के सरपंचों ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

बॉक्स

प्लास्टिक की थैलियों से मुक्त होगा मुंगेली बाजार

■ **प्रशासन की पहल से सिंगल यूज प्लास्टिक थैलियों में आई कमी**

मुंगेली/नवप्रदेश। त्यौहार के समय बाजार जहां गुलजार नजर आ रहे है वही सिंगल यूज प्लास्टिक का बाजार को लेकर आमजन ही जागरूक होने लगे है,प्रशासन के द्वारा पहल किया जावे तो सिंगल यूज प्लास्टिक बैग का उपयोग में कमी आवेगी,शहर के कुछ सब्जी और फल दुकानों में अभी भी उपयोग किया जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक बैग के उपयोग को लेकर जहां प्रशासन के अलावा आमजन की जागरूकता भी अनिवार्य होनी चाहिए।

सब्जी और फल दुकानें अभी भी सिंगल यूज प्लास्टिक बैग का उपयोग कर रहीं हैं। किराना दुकानें धीरे-धीरे किनारा कर रहीं हैं लेकिन कपड़ा बाजार, प्लास्टिक बैग के उपयोग से लगभग 80 फ़ीसदी, हाथ खींच चुका है। सिंगल यूज प्लास्टिक का बाजार कम होता नजर आ रहा है। अनुपात में बायोडिग्रेडेबल बैग का चलन अब बढ़ता नजर आ रहा है। प्लास्टिक की थैलियों का सबसे ज्यादा उपयोग करने वाला फल और सब्जी बाजार अभी भी उपयोग को बनाए रखने की जी-तोड़ कोशिश कर रहा है। इधर यूनिटों में रात में प्रतिबंधित एस यू पी के उत्पादन की खबरें आ रहीं हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती के साथ बंदिश के बाद कपड़ा बाजार ऐसा क्षेत्र बनने की राह पर चल रहा है, जहां तेजी से बायोडिग्रेडेबल और क्लॉथ बैग की हिस्सेदारी बढ़ रही है। इसे देखते हुए कहा जा रहा है कि यह क्षेत्र प्लास्टिक की थैलियों से बहुत जल्द मुक्त होगा। जानकारी मुताबिक यह क्षेत्र प्लास्टिक की थैलियों से 80 फीसदी मुक्त हो चुका है। शॉपिंग मॉल और सुपर मार्केट में जूट बैग और कपड़े के थैले के साथ बायोडिग्रेडेबल बैग में ही मिलेंगे सामान एवज में ली जा रही कीमत, ज्यादा जरूर है। लेकिन घर से थैला लेकर नहीं जाने वाले उपभोक्ता को मजबूरी में ही सही, खरीदी करनी पड़ रही है। वैसे कुछ मॉल और सुपर बाजार में कपड़े के थैले भी रखे जाने लगे हैं,जो ऐसे उपभोक्ताओं के लिए राहत बन रहें हैं। थैला लाइए किराना दुकानें। पूछ रहीं हैं कि थैला लाए हैं क्या ? उपभोक्ता का जवाब यदि ना में मिला, तो पेशकश की जाएगी झोला खरीदने की। गांव देहात या आउटर की दुकानों में जरुर प्रतिबंधित प्लास्टिक की थैलियां मिलेंगी लेकिन यह सलाह अवश्य।

लोगों की समस्याओं से रूबरू होने के बाद भी प्रशासन मूकदर्शक

■ **शासन-प्रशासन मौन तो समस्या का निदान करेगा कौन**

मुंगेली/नवप्रदेश। एक ओर प्रशासन लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कर रहीं है,वहीं दूसरी ओर लोगों का हाल बेहाल है। लोग समस्याओं से जूझ रहे है, लोगों के समस्याओं से रूबरू होने के बाद भी प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है शासन-प्रशासन मौन तो समस्या का निदान करेगा कौन ? पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश के चलते जर्जर सड़के और गड्ढ़ेयुक्त हो गई है। यात्रियों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। जिला अस्पताल का पहुंच मार्ग हो या बाइपास की सड़क या नेशनल हाइवे की सड़क हो, सड़को पर गड्ढ़ो एवं पानी भरे रहने से नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के मुख्य मार्ग में बडे-बडे गढ्ढे हो गये है जिस कारण आये दिन दुर्घटना कि आशंका बनी रहती है। लोगों को आवागमन करने में कॉफी परेशानीयों का सामना करना पड रहा है।मुख्य मार्ग स्थित पर जगह-जगह गढ्ढे होने के कारण पानी निकासी नहीं होने से लोगो का जिना दुश्वार हो गया है।

शहरवासियों को कापी मशक्कत के बाद मुरूम डालने के बजाय मिट्टी डाल दिये जाने के कारण परेशानिया और भी बड़ गयी है। मुंगेली मुख्य मार्ग बड़े बड़े गढढे मे तबदिल हो गये है। पडावपारा नहर रोड सहित शहर के हजारो लोगो को जिला मुख्यालय पहुचाता है फिर वापस लाता है यह मार्ग शासन प्रशासन की उपेक्षा के चलते गढ्ढों मे तबदिल हो गयी है। सड़क में जगह जगह बडे बडे गढ्ढे होने के कारण आये दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगो को जोखिम में डालकर यात्रा करना पड़ता है। मुख्य मार्ग में बडे-बडे गढ्ढे होने से लोगों को आवागमन करने में तकलीफ होती है। समस्या के निदान हेतु जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारियों को अनेक बार अवगत कराया जा चुका है। उपरांत आज तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कि गई है। नगर एवं आसपास की सड़के जर्जर अवस्था में तो थी ही पांच दिनों से हो रही बारिश के चलते सड़के और जर्जर हो गई है। गड्ढों पर पानी भर गया है। जिला अस्पताल जाने के दोनों-तीनों मार्ग पर सड़क के स्थान पर केवल गड्ढे ही गड्ढे` है। अस्पताल पहुंचने के लिये प्रमुख मार्गो में रायपुर रोड से खर्राघाट पुल होकर, दाउपारा से रामगढ़ होते होकर तथा बिलासपुर रोड मुख्य मार्ग से छोटी पुलिया के बगल से पुलिस लाईन होते हुये जिला अस्पताल जाने का मार्ग है। इन सभी मार्गो की सड़के बहुत ही जर्जर और गड्ढों से युक्त है, जिसमें गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ मरीजों तथा अस्पताल जाने वालों को काफी दिक्कतें होती है। जिला अस्पताल में रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज व उनके परिजन पहुंचते है। इसी प्रकार नेशनल हाइवे पर मुंगेली से पण्डरिया कवर्धा जाने वाली मार्ग पर सेंट जेवियर्स हाईस्कूल के आगे से तीन किलोमीटर की सड़क काफी जर्जर एवं गड्ढे युक्त हो गए है। जिससे मोटर साइकिल से लेकर चार पहिया वाहन चालकों को काफी संभलकर गाड़ियां चलानी पड़ती है। शासन के द्वारा करोड़ों रुपए की राशि सड़क निर्माण कार्यो में खर्च की जाती है किंतु गुणवक्ता का ध्यान नहीं रखने से सड़कों की स्थिति कुछ दिनों में ही जर्जर हो जाती है। नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने शासन प्रशासन से सड़क मरम्मत की मांग की है।

आयुष्मान कार्ड बनाने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर विशेष अभियान

मुंगेली/नवप्रदेश। आयुष्मान भवः योजनांतर्गत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें आयुष्मान के तृतीय चरण में छूटे हुए परिवारों के सदस्यों का कार्ड बनाया जाएगा एवं पी.वी.सी. कार्ड का वितरण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आज विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ किया गया। आयुष्मान भवः योजनांतर्गत आयुष्मान मेला का आयोजन समस्त समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों एवं स्वास्थ्य शिविरों में किया जाएगा और सभी प्रकार की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया जाएगा। इसी तरह आयुष्मान सभा के अंतर्गत समस्त ग्राम में ग्राम सभा के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी, आयुष्मान कार्ड, गैर संचारी रोग, सिकल सेल, टीकाकारण और टी.बी. मरीजों का चिन्हांकन किया जाएगा। योजना के शुभारंभ अवसर पर विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम. के. राय सहित जिला चिकित्सालय मुंगेली के अन्य स्टॉफ एवं हितग्राही उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत धाराशिव के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 05 मे सहायिका पद तथा ग्राम पंचायत कुथुर के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 07 में सहायिका के रिक्त पद हेतु 12 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी ने बताया कि उक्तः आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि अब 20 सितम्बर 2023 निर्धारित किया गया है। आवेदन पत्र कार्यालयीन दिवस पर सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय जांजगीर नवागढ़ 2 में स्वयं जमा कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय जांजगीर नवागढ़ 2 से संपर्क किया जा सकता है।

सरपंच छत्रपाल ने की तानाखार से दावेदारी

■ **3 दशक से जीतते आ रहे 6 बार के धनरास सरपंच**

कोरबा/नवप्रदेश। जिला पंचायत अध्यक्ष शिव कला सिंह कंवर के पति छत्रपाल सिंह कंवर ने पाली तानाखार विधानसभा से टिकट के लिए दावेदारी पेश की है। वे कांग्रेस में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए पार्टी की मजबूती में अहम भूमिका निभा चुके हैं। पंचायत चुनाव में पिछले तीन दशक से जीत दर्ज करतें हुए धनरास में लगातार छह बार के सरपंच पद पर काबिज होते आ रहे हैं। समर्थकों के मुताबिक पार्टी अगर उन्हें मौका देती है तो पाली तानाखार विधानसभा की सीट पर एक बार फिर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित होगी।

कोरबा लोकसभा के अंतर्गत आने वाले पाली तानाखार विधानसभा सीट से कंवर समाज ने भी दावेदारी ठोकी है। इस क्षेत्र में लगभग 45000 मतदाता कंवर समाज से आते हैं। जिन्हें देखते हुए विगत दिनों हुई एक बैठक समाज के प्रमुख लोगों ने चुनाव के लिए छत्रपाल सिंह कंवर का नाम आगे किया है। छत्रपाल कंवर 1992 से ग्राम पंचायत धनरास के सरपंच पद पर निर्वाचित हो रहे है और क्षेत्र में लगातार सक्रियता से काम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के विभिन्न संगठनों पर मिलने वाले पदों के दायित्व का बखूबी निर्वहन करते हुए कांग्रेस पार्टी और छत्तीसगढ़न की कांग्रेस सरकार के जन हितैषी कार्यों को लोगों तक सफलतापूर्वक पहुंच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इनकी धर्मपत्नी श्रीमती शिव कला कंवर 2020 से जिला पंचायत के अध्यक्ष पद पर आसीन होकर कांग्रेस पार्टी के कल्याणकारी योजनाओं एवं रीति नीति को आगे बढ़ा रही है। करीब 55 वर्षीय छत्रपाल सिंह कंवर आर्ट्स जेजुएट हैं और मूलतः ग्राम धनरास निवासी हैं। उनके अब तक के सामाजिक व राजनीतिक सफरनामे पर गौर करें तो वर्ष 1992 से लगातार वे ग्राम पंचायत धनरास के सरपंच पद पर निर्वाचित हो रहे हैं।

फिजियो, स्पीच थैरेपिस्ट के पद पर आवेदन 22 तक आमंत्रित

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। प्रबंध संचालक, राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के अनुसार समग्र शिक्षा, जांजगीर अंतर्गत कार्य करने के लिए 02 पद थैरेपिस्ट (01 पद फिजियो, 01 पद स्पीच थैरेपिस्ट) पद हेतु प्रतिमाह 20 हजार रूपए निश्चित मानदेय पर आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसके योग्यताधारी आवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में 22 सितम्बर 2023 तक रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आवेदन आवेदक को कार्यालय जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा, जांजगीर-चांपा में आमंत्रित किया गया है। यह पद वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट में निर्धारित अवधि मार्च 2024 तक के लिए स्वीकृत की गयी है।

शबरी सेवा संस्थान चला रहा है नशे के खिलाफ अभियान

■ **नशा के खिलाफ स्कूली छात्राओं ने किया ग्रामीणों को जागरूक**

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान से संचालित संस्था छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान नशामुक्ति केन्द्र के द्वारा नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम कंतेली के हाईस्कूल में जागरूकता अभियान के तहत रैली के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को नशा के खिलाफ जागरूक किया गया। एकीकृत पुनर्वास केंद्र के संचालक कमल यादव द्वारा बताया गया कि नशे के

लत के कारण मानसिक, शारीरिक, सामाजिक आर्थिक, पारिवारिक क्षति होता है। नशा मुक्त जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे के शिकार व्यक्तियों को नशामुक्ति केन्द्र में परामर्श, इलाज के माध्यम से समाज के मुख्य धारा से जोड़ना है। संस्था के माध्यम से नशा से लिप्त लोगों को 01 माह तक निःशुल्क परामर्श, ईलाज, आवास और भोजन की सुविधा दिया जाता है।

हेमंत श्रीवास को प्रतिभा सम्मान

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। शिक्षक सम्मान समारोह के शुभ अवसर पर शिक्षक प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 का आयोजन पी जी कॉलेज जिला कबीरधाम में किया गया। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला मड़कडी संकुल परसाडीह विकासखंड बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ में कार्यरत हेमन्त कुमार श्रीवास सहायक शिक्षक(एक नवाचारी शिक्षक के रूप में जाना जाता है) को जिला कबीरधाम में राज्य स्तरीय शिक्षक प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित मोहम्मद अकबर मंत्री छत्तीसगढ़ शासन आवास, परिवहन एवं पर्यावरण वन मंत्री, कार्यक्रम की अध्यक्षता ममता चन्द्राकर विधायक पंडरिया ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप मे ऋषि कुमार वर्मा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कवर्धा, होरी लाल साहू अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कवर्धा, जिला शिक्षा अधिकारी यू आर चन्द्राकर ,बीइओ संजय जायसवाल कवर्धा, शिक्षक प्रतिभा अकादमी के संयोजक व संस्थापक भरत कुमार डोरे जी का विशेष सहयोग व योगदान रहा।

राज्य स्तरीय शिक्षक प्रतिभा सम्मान मिलने पर संस्था प्रमुख राजकुमार वर्मा प्रधान पाठक, संतोष कुमार साहू सहायक शिक्षक ,शाला विकास समिति के अध्यक्ष उदासी राम आदित्य व गांव वालों ने हेमन्त श्रीवास की उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

रविवार को सेंट्रल स्टेडियम में होगा अंडर-16 और अंडर-23 क्रिकेटरों की सीनियर टीम का सलेक्शन

कोरबा/नवप्रदेश। मौजूदा खेल सत्र के लिए निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप आगामी दिनों में जिला व प्रदेश की विभिन्न क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इनमें हिस्सा लेने अंडर-16 व अंडर-23 सीनियर क्रिकेट टीम का चयन किया जाना है। निर्धारित नियमों के अनुरूप इन आयु वर्ग की टीमों का चयन 17 सितंबर को किया जाएगा। चयन ट्रायल एसईसीएल सेंट्रल स्टेडियम कोरबा में सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

जिले के क्रिकेट खिलाड़ी इस प्रतियोगिताओं में भागीदार बन अपनी खेल प्रतिभा का परिचय देने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। पर उसके लिए कुछ मापदंड तय हैं, जिसका पालन करने के बाद ही उन्हें इन स्पर्धाओं में भाग लेने का मौका मिल सकेगा। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के निर्देश पर कोरबा जिला क्रिकेट संघ द्वारा 17 सितंबर को एसईसीएल सेंट्रल स्टेडियम कोरबा में सुबह 10 बजे से अंडर 16 क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन किया जाना है जिनकी कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2008 से 31 अगस्त 2010 तक निश्चित है साथ ही साथ दोपहर 1 बजे से अंडर 23 एवं सीनियर क्रिकेट टीम का भी चयन किया जाना है। अंडर 23 की कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2001 के बाद के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। अंडर 16 के चयन करता अनिल प्रजापति अंडर 23 के चयन करता करतार सिंह कपूर एवं सीनियर खिलाड़ियों के चयन करता अजय राय होंगे। चयन के पूर्व खिलाड़ियों का पंजीयन अनिवार्य है। जिसके लिए आवश्यक दस्तावेज दो सेट में फार्म के साथ अंतिम 6 वर्ष की अंकसूची आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र डिजिटल एवं मैनुअल पंजीयन शुल्क जमा करना होगा। पर्यवेक्षक का दायित्व जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारी सचिव जीत सिंह निभाएंगे। चयन के दौरान जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी बीबी साहू, रंजन आर्य, शैलेश गोयल, सीएल यादव, अखिलेश, मणि तिवारी, उमंग सोनी, जसवंत सिंह सलूजा उपस्थित रहेंगे।

भारत एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका को 41 रनों से हराया

भारत ने एशिया कप 2023 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने अपने दूसरे सुपर-4 मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन श्रीलंका को 41 रनों से हराया।

पावरप्ले में श्रीलंका ने गंवाए 3 विकेट 214 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंका टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने तीसरे ओवर में पथुम निसांका (6 रन) का विकेट गंवा दिया। कुसल मेंडिस (15 रन) ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन 7वें ओवर में वह भी बुमराह का शिकार हो गए। 8वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने दिमुथ करुणारत्ने (2 रन) को पवेलियन भेज दिया। श्रीलंका ने शुरुआती 10 ओवर में 39 रन बनाने में ही 3 विकेट गंवा दिए।

पहला (पथुम निसांका- 6 रन)= तीसरे ओवर की पहली बॉल जसप्रीत बुमराह ने गुड लेंथ पर आउट स्विंगर फेंकी। निसांका विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच हो गए।दूसरा (कुसल मेंडिस- 15 रन)= 7वें ओवर की चौथी बॉल जसप्रीत बुमराह ने फुलर लेंथ स्लोअर फेंकी। मेंडिस कवर्स पर सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच हो गए।तीसरा (दिमुथ करुणारत्ने- 2 रन)= 8वें ओवर की पहली बॉल मोहम्मद सिराज ने ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ फेंकी। करुणारत्ने कट करने गए, लेकिन फर्स्ट स्लिप में शुभमन गिल के हाथों कैच हो गए।चौथा (सदीरा समरविक्रमा- 17 रन)= 18वें ओवर की तीसरी बॉल कुलदीप यादव ने ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फ्लाइटेड फेंकी। समरविक्रमा आगे निकलकर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन स्टंपिंग आउट हो गए। पांचवां (चरिथ असालंका- 22 रन)= 20वें ओवर की दूसरी बॉल कुलदीप यादव ने लेग स्टंप पर फुलर लेंथ फेंकी। असालंका ने स्वीप लगाया, लेकिन बॉल हवा में खड़ी हो गई। विकेटकीपर केएल राहुल ने डाइव लगाई और कैच पकड़ लिया। छठा = (दसुन शनाका- 9 रन)= 26वें ओवर की पहली बॉल पर जडेजा ने दसुन शनाका को स्लिप पर रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। सातवां= (धनंजय डी सिल्वा- 41 रन)= 38वें ओवर की तीसरी बॉल पर जडेजा ने गिल के हाथों कैच कराया। मिडिल स्टंप की फुलर लेंथ बॉल को मिडऑन पर खेला और गिल को कैच थमा बैठे।

भारत ने दिया 214 रन का टारगेट, रोहित की 51वीं फिफ्टी

टीम इंडिया 213 रन बनाकर 49.1 ओवर में ऑल आउट हो गई। टीम ने वनडे इतिहास में पहली बार पूरे 10 विकेट स्पिनर्स के खिलाफ गंवाए। श्रीलंका के लेफ्ट आर्म स्पिनर दुनिथ वेल्लालागे ने 5 और ऑफ स्पिनर चरिथ असालंका ने 4 विकेट लिए। वहीं मिस्ट्री स्पिनर महीश तीक्षणा को एक विकेट मिला। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाए। रोहित ने वनडे करियर की 51वीं फिफ्टी जमाई। उन्होंने 10 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिए। रोहित के अलावा, केएल राहुल ने 39 और विकेटकीपर ईशान किशन ने 33 रनों का योगदान दिया। अक्षर और सिराज ने आखिरी विकेट के लिए 26 रनों की साझेदारी की।दुनिथ वेल्लालागे ने गिल, कोहली, रोहित, केएल राहुल और हार्दिक पंड्या को पवेलियन की राह दिखाई।दुनिथ वेल्लालागे ने गिल, कोहली, रोहित, केएल राहुल और हार्दिक पंड्या को पवेलियन की राह दिखाई।

भारत-श्रीलंका मैच बारिश के कारण रोकना पड़ा। भारतीय पारी में 47 ओवर डाले थे कि शाम 6=25 बजे बारिश आ गई और खेल रोकना प?ा। कुछ देर बाद बारिश थमी और मुकाबला 7=15 बजे फिर शुरू हुआ। हालांकि अंपायर्स ने ओवर्स में कटौती नहीं करने का फैसला किया और इनिंग ब्रेक का समय घटाकर 10 मिनट कर दिया। टॉप ऑर्डर के पवेलियन लौटने के बाद विकेटकीपर केएल राहुल और ईशान ने भारत की पारी संभाली। दोनों ने संभलकर बैटिंग की और टीम का स्कोर 100 से 150 तक ले गए। राहुल 44 गेंद पर 39 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप टूटी। राहुल और ईशान ने 89 गेंद पर 63 रन की पार्टनरशिप की। राहुल के बाद ईशान किशन भी 61 गेंद पर 33 रन बनाकर चरिथ असालंका का शिकार हुए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ टीम में एक बदलाव किया।

उन्होंने तेज गेंदबाज शार्दूल ठाकुर की जगह स्पिनर अक्षर पटेल को मौका दिया। दूसरी ओर श्रीलंकाई टीम में कोई बदलाव नहीं हुआ। श्रेयस अय्यर आज फिर नहीं खेले। वे पाकिस्तान के खिलाफ चोट के कारण खेलने नहीं उतरे थे। अय्यर को बैक इंजरी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (क्ष्ष्टढ्ढ) ने उनकी चोट को लेकर सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि श्रेयस पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं। डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी है।

फ्लिपकार्ट के सेलर्स की संख्या 14 लाख के पार

रायपुर/नवप्रदेश। अपने सालाना फ्लैगशिप इवेंट द बिग बिलियन डेज के 10वें संस्करण से पहले फ्लिपकार्ट ने अपने प्लेटफॉर्म पर 14 लाख से अधिक सेलर्स को जोड़ने की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पिछले साल की तुलना में प्लेटफॉर्म पर विक्रेताओं की संख्या में 27 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ यह उपलब्धि देश में विक्रेताओं एवं एमएसएमई के मजबूत हो रहे इकोसिस्टम को दर्शाता है। यह उस भरोसे का प्रमाण है जो अपने व्यवसाय को डिजिटल एवं आधुनिक बनाने बाजार में पहुंच का विस्तार करने और आय में सुधार के लिए ई-कॉमर्स की ताकत का लाभ उठाने के लिए विश्वसनीय भागीदार के रूप में शॉप्सी एवं फ्लिपकार्ट पर भारतीय एमएसएमई, छोटे कारोबारियों एवं उद्यमियों ने जताया है।

विक्रेताओं की संख्या को लेकर इस उपलब्धि पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉर्पोरेट ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा फ्लिपकार्ट में हम भारतीय कारोबारियों विशेष रूप से एमएसएमई के लिए ई-कॉमर्स के माध्यम से अवसर सृजित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमने कारीगरों, शिल्पकारों, महिलाओं और दिव्यांगों समेत सेलर्स के विस्तृत वर्ग के लिए ई-कॉमर्स को अधिक समावेशी बनाने में मदद के लिए अपने फ्लिपकार्ट समर्थ कार्यक्रम के माध्यम से कई कदम उठाए हैं। हम लाखों नई नौकरियाँ पैदा करते हुए डिजिटल अर्थव्यवस्था द्वारा मिलने वाले अवसरों में देशभर के विक्रेताओं की भागीदारी से प्रोत्साहित हैं। हमें इस सफर में योगदान देने पर बेहद गर्व है।

इस उपलब्धि पर फ्लिपकार्ट के वाइस-प्रेसिडेंट एवं हेड मार्केटप्लेस राकेश कृष्णन ने कहा फ्लिपकार्ट भारतीय एमएसएमई के लिए एक अत्याधुनिक ई-कॉमर्स इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। त्योहारी सीजन की ओर बढ़ते हुए हम इनोवेटिव टूल्स और इनीशिएटिव के माध्यम से सेलर्स को सफलता दिलाने के अपने मिशन के लिए प्रतिबद्ध हैं 14 लाख विक्रेताओं को जोड़ना हमारी सेलर कम्युनिटी में समावेश एवं सहूलियत को बढ़ाने के लिए फ्लिपकार्ट के समर्पण को रेखांकित करता है। सेलर्स का सहयोग करने और सशक्त बनाने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता के तहत ही हमने हाल ही मे ऑल इंडिया सेलर्स कॉन्क्लेव की एक सीरीज का समापन किया है, जिसमें 4,500 से अधिक सेलर्स की भागीदारी देखी गई।'

गुड प्राइस स्टोर नामक लाइटिंग और ऑडियो व्यवसाय के मालिक एवं फ्लिपकार्ट विक्रेता सलमान शेख ने कहा अपने सफर के बारे में सोचते हुए यह देखना संतुष्टिदायक है कि फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म पर मेरा व्यवसाय कैसे विकसित हुआ है। शुरुआती चरण में सहयोग से लेकर 10 मिनट की ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया से बढ़ी हुई ऑपरेशनल इफिशिएंसी और कस्टमर इनसाइट्स तक फ्लिपकार्ट ने मेरे विकास में

महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी भारत का सामना थाईलैंड से

रांची। एशियाई हॉकी महासंघ और हॉकी इंडिया ने मंगलवार को झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची-2023 के लिए शेड्यूल की घोषणा की। टूर्नामेंट की शुरुआत 27 अक्टूबर को मलेशिया और जापान के पहले मैच से होगी। जबकि मेजबान भारत दिन का तीसरा मैच खेलेगा, जब उनका मुकाबला झारखंड के रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में थाईलैंड से होगा।

झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची-202× में कोरिया, मलेशिया, थाईलैंड, जापान, चीन और भारत ट्रॉफी जीतने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। छह टीमों का टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से शुरू होगा और 5 नवंबर को समाप्त होगा। सभी टीमें एक ही पूल का हिस्सा हैं और शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जहां तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी और दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एक-दूसरे से खेलेंगी। डिफेंडिंग चैंपियन जापान को टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे शानदार टीम कोरिया से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिसने 2010, 2011 और 2016 में टूर्नामेंट के छह में से तीन संस्करण जीते हैं। मेजबान भारत अ'छी फॉर्म में है। विशेष रूप से बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक कांस्य और एफआईएच हॉकी महिला राष्ट्र कप स्पेन 2022 में खिताबी जीत के बाद। मेजबान टीम ने 2016 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती है और 2018 में उपविजेता रही। टीम 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

बिजनेस

इंडियाज़ गॉट टैलेंट में विक्की कौशल ने अबूझमाड़ मलखंब ग्रुप से कहा, मेरे पिता आपके स्टंट के फैन

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का टैलेंट रियलिटी शो, 'इंडियाज़ गॉट टैलेंट' इस रविवार फिल्म 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' की शानदार स्टार कास्ट विक्की कौशल और मानुषी छिल्लर के साथ गणेश चतुर्थी मनाएगा। बड़ी धूमधाम से उत्सव की खुशियां फैलाते हुए, कंटेस्टेंट इस सीज़न के 'विजयी विश्व हुनर हमारा' के फलसफे पर खरा उतरते हुए, अपनी अनूठी प्रतिभा के साथ कुछ शानदार परफॉर्मेंस देंगे।

अपनी चपलता और ताकत के असाधारण कारनामों के लिए मशहूर, छत्तीसगढ़ का अबूझमाड़ मलखंभ ग्रुप 'चल्ला (मैं लड़ जाना)' पर हैरतअंगेज एक्ट से सभी को प्रभावित करेगा। जज शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने उनकी परफॉर्मेंस पर बेहद गर्व करते हुए इस ग्रुप को हुनर सलाम देते हुए कहा, ÷यह फिनाले में जाने लायक परफॉर्मेंस थी।

इस पावर-पैक्ड एक्ट पर स्पेशल गेस्ट विक्की कौशल अपनी चर्चित फिल्म, 'उरी' की शूटिंग के दिनों को भी याद करेंगे। इस परफॉर्मेंस से प्रभावित होकर, विक्की कौशल ने अबूझमाड़ के युद्ध घोष,

छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया÷ की गर्जना की और उनकी सराहना करते हुए कहा, ÷मेरे पास इस परफॉर्मेंस को बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं और मैं इस प्रदर्शन को जीवन भर कभी नहीं भूलूंगा। इसे पेश करना एक मुश्किल काम रहा होगा और चूंकि आपने उरी के गाने पर प्रदर्शन किया है, इसलिए मैं गाने के बारे में कुछ बताना चाहूंगा। उरी में, जिस क्रम में हम रस्सियों के साथ हेलिकॉप्टर से रैपलिंग कर रहे थे, सुरक्षा हार्नेस के साथ उन स्टंट को खुद करने से पहले हमें 4 महीने का सैन्य प्रशिक्षण लेना पड़ा। इतने प्रशिक्षण और सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने के बाद भी, जब मुझे चौथी बार वह स्टंट करना पड़ा, तो मैं घायल हो गया और मुझे टेनिस एल्बो हो गया था। मैं जानता हूं कि यह कितना मुश्किल है और मैं कल्पना भी नहीं कर सकता कि यह काम कितना चैलेंजिंग रहा होगा। आप यकीन नहीं करेंगे कि जो काम आप इतनी आसानी से कर रहे हैं उसे करना कितना कठिन है। मैं सच्चे दिल से आपको सलाम करता हूं और इसका गवाह बनना सम्मान की बात है। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि अगर आप ऐसे ही प्रदर्शन करते रहेंगे तो बेशक आप न केवल इस भारतीय मंच पर बल्कि दुनिया के मंच पर भी नंबर 1 बन जाएंगे।''

विक्की अपने पिता शाम कौशल का मैसेज भी ग्रुप को देंगे। उन्होंने कहा, ÷मैं इस शो में आने के लिए सबसे ज्यादा उत्साहित था। मेरा परिवार इस शो को देखता है और हमारा पसंदीदा अबूझमाड़ ग्रुप है। मेरे पिता एक एक्शन डायरेक्टर हैं जो फिल्मों में स्टंट को-ऑर्डिनेट करते हैं और वो आपके स्टंट के फैन हैं। आपके एक्टस में बहुत टैलेंट, फुर्ती और लचीलापन है। मैं अपने पिता का एक मैसेज आप तक पहुंचाना चाहता था। उन्होंने कहा, जब आप उनसे मिलें तो कृपया उन्हें बताएं कि उन्हें मेरा प्यार है।÷

सेंसेक्स 200 अंक मजबूत, निफ्टी 20,000 के पार

मुंबई। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार में लगातार तेजी बनी रही। सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान में कारोबार करते दिखे। बीएसई सेंसेक्स करीब 200 अंकों की उछाल के साथ 67,000 के ऊपर ट्रेड करते दिखे। वहीं, निफ्टी भी 35.10 अंक की बढ़त के साथ 20,027.70 पर पहुंच गया।

एक दिन पहले 20,000 के ऐतिहासिक उ'च स्तर को छूने के बाद, बेंचमार्क निफ्टी इंडेक्स अगस्त उपभोक्ता महंगाई दर और जुलाई के आईआईपी डेटा से पहले मंगलवार को लाभ बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, जो बाजार के घंटों के बाद जारी किया जाएगा। सुबह 7=15 बजे, गिफ्ट निफ्टी फ्यूचर 80 अंक बढ़कर 20,117 पर ट्रेड कर रहा था।

एक सर्वे में उम्मीद जताई गई है कि सब्जियों की कीमतों में नरमी के कारण अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में 15 महीने के उच्चतम 7.44 प्रतिशत से घटकर 7 प्रतिशत हो जाएगी।

मैक्रो डेटा के अलावा, स्टॉक को लेकर कार्रवाई मंगलवार को भी जारी रहेगी। ब्लू-चिप्स शेयरों में, लार्सन एंड टुब्रो फोकस में रहेगा क्योंकि कंपनी ने अपना प्रस्तावित बायबैक मूल्य पहले के 3,000 रुपये से बढ़ाकर 3,200 रुपये प्रति शेयर कर दिया है।

इसके अलावा, रिलायंस भी रडार पर होगी क्योंकि प्राइवेट इक्विटी फर्म केकेआर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की रिटेल ब्रांच- रिलायंस रिटेल वेंचर्स में 2,069.5 करोड़ रुपये में अतिरिक्त 0.25 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने के लिए तैयार है।

नैस्डैक इंडेक्स में 1.14 फीसदी की उछाल के साथ अमेरिकी शेयरों में ओवरनाइट तेजी आई, स×क्क 500 में 0.67 फीसदी और डॉव में 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

एशिया में, हांगकांग का हैंग सेंग लगभग 1 प्रतिशत गिर गया, चीनी स्टॉक भी कमजोर रहे, सीएसआई 300 0.14 प्रतिशत नीचे रहा। साउथ कोरिया का कोस्पी 0.6 प्रतिशत गिर गया जबकि जापान में एनआईकेकेईआई 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ आगे बढ़ा।

इक्विटी मार्केट में पॉजिटिव रुख के साथ कारोबार शुरू होने की संभावना है और निफ्टी 50 इस मंगलवार सुबह 20,000 अंक के ऊपर मजबूती से देखा जा सकता है।

सुबह 07=00 बजे, जीआईएफटी निफ्टी फ्यूचर्स 20,114 पर देखा गया, जो निफ्टी 50 के लिए 50-ऑड पॉइंट्स के संभावित गैप-अप ओपेनिंग का संकेत देता है। पड़ोसी एशियाई देशों के बाजारों में मिक्स ट्रेंड देखा गया। जो कि शुक्रवार को 20,138.5 पर बंद हुआ था।

सोमवार को बाजार में लगातार सातवें दिन तेजी आई और कारोबार के दौरान निफ्टी 20,008 के रिकॉर्ड पर पहुंच गया था। अंत में कारोबार खत्म होने पर यह कुल 196 अंक बढ़कर 19,996 पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला यह सूचकांक दिन के कारोबार में पहली बार 20,000 के पार गया था और पहली बार यह इतनी ऊंचाई पर बंद हुआ है। इससे पहले इसका उ'चतम स्तर 20 जुलाई को दर्ज किया गया था।

इंदौर में होगी ACRSICON 2023 46वीं नेशनल कांफ्रेंस

इंदौर। एसोसिएशन ऑफ कोलन एंड रेक्टल सर्जन्स ऑफ इंडिया की 46वीं एनुअल नेशनल कांफ्रेंस - ACRSICON 2023 का आयोजन भारत के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में होने जा रहा है। 29 सितंबर से 1अक्टूबर 2023 तक होने वाली यह कांफ्रेंस एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया (एएसआई) इंदौर सिटी चैप्टर के सहयोग से इंदौर की जीआई प्रोक्टो सर्जन सोसाइटी द्वारा आयोजित हो रही है। रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित ACRSICON 2023 में कोलन और रेक्टल सर्जरी के क्षेत्र के देश भर से करीब 600 विशेषज्ञ सर्जन मौजूद रहेंगें।

इस कॉन्फ्रेंस में क्षेत्र में अनुभवी और कुशल सर्जन्स द्वारा कोलन और रेक्टल सर्जरी में अपने कठिन केसेस पर गेस्ट लेक्चर, महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत, विशेषज्ञों के साथ पैनल डिस्कशन, पोस्टर और रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन, लाइव ऑपरेटिव वर्कशॉप और हाल में हुई तकनीकी प्रगति पर सेमिनार आयोजित किये जायेंगे।

कॉन्फ्रेंस के बारे में ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. अशोक लड्ढा ने कहा इस कॉन्फ्रेंस में देश और विदेश (सिंगापुर, इटली, पुर्तगाल एवं वेनेजुएला) की फैकल्टी इस कांग्रेस को संबोधित करेंगी जिसमें सर्जन्स नई और आधुनिक तकनीकों के बारे में अपने अनुभव साझा करेंगे और जानकारी प्राप्त करेंगें। ऐसे आयोजन कई दशकों से होते आ रहे हैं।

जानिए आईफोन 15 की कीमत, क्या होंगे नए फीचर्स

सैन फ्रांसिस्को। एप्पल आईफोन 15 सीरीज, आईओएस 17, एप्पल वॉच और अन्य प्रोडक्ट्स को लॉन्च करने के लिए 12 सितंबर को कैलिफोर्निया के क्यूपर्टिनो में एप्पल पार्क में अगला बड़ा कार्यक्रम वंडरलस्ट आयोजित कर रहा है। टेक दिग्गज पहली बार एप्पल के मालिकाना लाइटनिंग कनेक्टर के बजाय यूएसबी-सी पोर्ट के साथ आईफोन 15 लाइनअप लॉन्च करेगा। इसके साथ ही एप्पल अपने अपकमिंग इवेंट के दौरान आईओएस 17 और वॉचओएस 10 की रिलीज डेट की भी घोषणा कर सकता है। हालांकि रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि यूएसबी-सी पोर्ट सभी आईफोन 15 मॉडल पर उपलब्ध होगा, एप्पल एनालिस्ट मिंग-ची कुओ ने कहा कि केवल प्रो और प्रो मैक्स को फास्ट डेटा

ट्रांसफर रेट्स से लाभ होगा। दोनों प्रीमियम मॉडल में कम से कम यूएसबी 3.2 या थंडरबोल्ट 3 पोर्ट होंगे, जबकि बेस आईफोन 15 और 15 प्लस में यूएसबी 2.0 पोर्ट होंगे। कुछ एप्पल आईफोन 15 मॉडल में 35 वाट तक चार्जिंग का सपोर्ट होने की संभावना है जो फास्ट चार्जिंग स्पीड प्रदान करेगा। इसके अलावा, सप्लाई चेन एनालिस्ट रॉस यंग ने पिछले साल भविष्यवाणी की थी कि आईफोन 15 के सभी मॉडलों में डायनेमिक आइलैंड शामिल होगा। आईफोन 15 लाइनअप में अल्ट्रा-वाइडबैंड चिप भी मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि आईफोन 15 प्रो और प्रो मैक्स में आईफोन 14 के समान एक टाइटेनियम फ्रेम, पतले बेज़ेल्स और अधिक आसानी से रिपेयर होने योग्य एल्यूमीनियम चेसिस का फीचर होने की खबर है। आईफोन 15 प्रो और प्रो मैक्स में 3एनएम प्रोसेस का इस्तेमाल कर निर्मित फास्ट ए17 चिप भी हो सकती है, जबकि आईफोन 15 और 15 प्लस में संभवतः आईफोन 14 प्रो में शामिल ए16 चिप शामिल होगी। आईफोन 15 के अलावा, एप्पल द्वारा अब तक के कुछ बड़े बदलावों के साथ लेटेस्ट स्मार्टवॉच लाइनअप का अनावरण करने की उम्मीद है।

एनटीएस के दौरान टोयोटा ने किया दो आइकॉनिक हाइलक्स का प्रदर्शन

जम्मू। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज नॉर्थ टेक सिम्पोजियम 2023 (एनटीएस) में विशेष उद्देश्य वाले दो आइकॉनिक हाइलक्स का प्रदर्शन किया। इन्हें एक अधिकृत बाहरी विक्रेता के सहयोग से संशोधित किया गया है। यह टेक्नालॉजी प्रदर्शित करने का वार्षिक आयोजन है। इसका आयोजन भारतीय सेना के उत्तरी कमांड ने किया था। इसमें उसे सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) और आईआईटी जम्मू का सहयोग मिला। इस आयोजन का उद्देश्य अत्याधुनिक स्वदेशी विकास और रक्षा तकनीकी क्षमताओं के उत्पादन को बढ़ावा देना और ÷आत्मनिर्भरता÷ (रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता) हासिल करना है। इसके अलावा, यह वर्ष भारतीय सेना के आधुनिकीकरण के लिए तालमेल और अनुसंधान विकास तथा नवाचार के क्षेत्रों में भारतीय सेना के प्रयासों को मजबूत करने में एक बड़ी छलांग को दर्शाता है। विशिष्ट उपभोक्ताओं की गतिशीलता की विभिन्न आवश्यकताओं को समझने के लिए व्यापक बाजार सर्वेक्षण आयोजित करने के बाद, टीकेएम ने अपने अधिकृत बाहरी विक्रेता के माध्यम से प्रदर्शित बहुमुखी हाइलक्स (दो इकाइयां) में कुछ संशोधन किए हैं जो विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं। सर्वेक्षण में भारतीय सेना को भी शामिल किया गया था और किये गये संशोधन भारतीय सेना की आवश्यकताओं की भी पूर्ति करते हैं।

नागरिकों के जीवन में खुशियाँ लाने के लिए मैं सरकार को परिवार की तरह चला रहा हूँ- मुख्यमंत्री चौहान

इसी माह शुरू की जाएगी अनुदान पर खेतों में ट्रांसफार्मर लगाने की योजना

लाड़ली बहना और उज्ज्वला योजना के परिवारों को अब 450 रूपए में मिलेगा एलपीजी गैस सिलेण्डर

गरीब परिवारों के बिजली के बड़े बिल सरकार भरेगी

पर्याप्त बिजली व्यवस्था के लिए निमोटा में सब स्टेशन स्थापित होगा

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निमोटा में 6 करोड़ से अधिक के निर्माण कार्यों का किया भूमि-पूजन

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मैं सरकार को परिवार की तरह चला रहा हूँ। लोगो की जिन्दगी में खुशियाँ लाने के लिए मैं दिन-रात काम कर रहा हूँ। मुख्यमंत्री सीहोर जिले के भैरूंदा जनपद के ग्राम निमोटा में जनसंवाद एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्राम निमोटा में 6 करोड़ 30 लाख 31 हजार रूपए के विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमि-पूजन और विभिन्न हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि निःशुल्क राशन, मुख्यमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं का लाभ आज हर व्यक्ति को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी मेरा परिवार हैं। आपकी तकलीफों को दूर करना, आपके चेहरों पर सदैव मुस्कुराहट बनाए रखना और आपकी आँखो में कभी आँसू नहीं आने देना मेरा फर्ज है मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री

लाड़ली बहना योजना बहनों के कल्याण के साथ ही उन्हें समाज और परिवार में सम्मान दिलाने का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि यह बहनों को आत्म-निर्भर बनाने वाली योजना है। इस योजना से बहनों के चेहरे पर मुस्कान आई है। पहले बहनों को योजना में एक-एक हजार रूपए की राशि प्रदान की गई, अब 1250 रूपए खाते में डाले जा रहे हैं और धीरे-धीरे 250 रुपए के मान से यह राशि बड़ाकर 3000 रूपये प्रति माह की जायेगी। लाड़ली बहना और उज्ज्वला योजना के परिवारों को अब 450 रूपए में एलपीजी गैस सिलेण्डर दिया जाएगा। सभी पंचायतों में लाड़ली बहना के फॉर्म के लिए लगाए गए केम्पों की तरह ही एलपीजी गैस सिलेण्डर के लिए फॉर्म भरवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की किसी भी योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे, इसके लिए मैं दिन-रात प्रयासरत हूँ। जिन लोगों के पास जमीन नहीं है, उन्हें पट्टा और मुख्यमंत्री आवास योजना में पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे। किसान भाइयों को प्रधानमंत्री किसान-कल्याण योजना में केन्द्र सरकार द्वारा 6000 रूपए दिए जाते हैं, अब प्रदेश सरकार की ओर से भी मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना में दी जा रही 6000 रूपए की राशि मिलाकर किसानों को प्रति वर्ष 12000 रूपए की राशि मिल रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी भांजे-भांजिया मन लगाकर पड़ाई करें। उन्होंने कहा कि कक्षा 6 और 9 कक्षा के दूसरे गाँव स्कूल पड़ने जाने वाले बच्चो को साइकिल खरीदने के लिए 4500 रूपए की राशि दी जा रही है। कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25000 रूपए दिए गए हैं। अगले साल से 60 प्रतिशत अंक लाने वाले बच्चों को भी 25000 रूपए दिए जाएंगे। साथ ही जो बच्चे इस वर्ष अपने स्कूल में टॉप आये हैं, उनमें एक बेटा और एक बेटी को स्कूटी दी गई है। अगले साल से स्कूल के टॉपर दो बेटों और दो बेटियों को स्कूटी दी जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

पटना ग्राम में बंदरों के आतंक से स्कूली छात्र परेशान

दमोह/नवप्रदेश। हटा एवं आसपास के क्षेत्र बंदरों के आतंक से परेशान है। पटना ग्राम में बंदरों ने स्कूली छात्र-छात्राओं को भी अपना शिकार बनाया है। कुछ छात्र बंदरों के हमले में घायल भी हुए है जिससे अब स्कूल में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पर भी असर होने लगा है जिससे परेशान हेड मास्टर ने वन विभाग के हटा आफिस पत्र लिखकर बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की गई है। ग्राम पंचायत पटना के सरपंच गंगा बाई द्वारा हस्ताक्षरित पत्र ने भी इसी आशय की शिकायत वन परिक्षेत्र अधिकारी हटा को की है। जिसमें बंदरो के हमले से शीलरानी पति कृष्णा अहिरवार, कुसुमरानी पति स्व. अनंत अहिरवार एवं छात्र गौरव पिता जागेश्वर अहिरवार एवं देव पिता रामनरेश मिश्रा के घायल होने की लिखित जानकारी दी है। इस संबंध में वन विभाग के हवाले से बताया गया कि उनके पास बंदरों को पकडने की कोई गाइड लाइन नहीं है। प्राइवेट स्तर पर कोई यदि इस समस्या का निराकरण करें तो वन विभाग सहयोग कर सकता है।

खारक बांध प्रभावितों ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर सड़क पर दिया धरना

खरगोन/नवप्रदेश। जिले के भगवानपुरा जनपद के ग्राम चौखंड में वर्ष 2012-13 में बने खारक बांध प्रभावितों के पुनर्वास राशि का मामला एक बार फिर तुल पकड़ने लगा है। मंगलवार को प्रभावित महिला. पुरुष मुख्यालय पर इकट्ठा हुए। कुंदा तट स्थित कालिका मंदिर के सामने से रैली के रुप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचने पर पुलिस ने उन्हें धारा 144 का हवाला देकर रोक दिया। पुलिस ने रोका तो प्रभावित और भड़क गए, उन्होंने खरगोन- इंदोर रोड़ पर आवाजाही रोकने के लिए सड़क पर धरना दे दिया।
प्रदर्शन कर रहे बलिराम सोलंकी, शिवराम कनासे, भिकला सोलंकी, केवल सिंह सोलंकी, भलसिंह कनासे आदि ने बताया कि जीआर, शिकायत निवारण प्राधिकरण को भंग कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार शिकायत निवारण प्राधिकरण गठित कर 129 परिवारों को हमारे पुनर्वास की राशि दिए जाने की मांग को लेकर करीब 10 वर्षो से संघर्ष कर रहे है, हाल ही में बिस्टान आए मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कर मुआवजे की मांग की थी, मुख्यमंत्री ने भी आश्वासन दिया था लेकिन अब तक कोई निराकरण नही हुआ, नतीजतन अब आर- पार की लड़ाई के मुड में है।

हिंदी माध्यम के मेडिकल स्टूडेंट्स को मिली सौगात: सारंग

मंत्री सारंग बोले- इससे विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा; जल्द एमओयू होगा

भोपाल/नवप्रदेश। चिकित्सा जगत में विश्व प्रख्यात जर्नल द लानसेट जल्द ही हिंदी में भी प्रकाशित होगा। गुरुवार को हिंदी दिवस के मौके पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने इसकी घोषणा की। मंत्री सारंग ने द लानसेट की डिप्टी पब्लिशिंग हेड फियोना मेकलेव और एलजीवियर पब्लिकेशन इंडिया के प्रमुख शंकर कौल की मौजूदगी में बताया कि एमबीबीएस की अंग्रेजी पुस्तकों का हिंदी में लिप्यन्तरण (ट्रांसलिट्रेशन) का कार्य कर रहा हिंदी चिकित्सा प्रकोष्ठ मंदार ही द लानसेट जर्नल के हिंदी रूपांतरण कार्य को संपादित करेगा।

मंत्री सारंग ने कहा कि इसके लिए जल्द ही अधिकृत एमओयू किया जाएगा, जो कि आगामी 3 वर्ष (2024-27) के लिए होगा। जिसकी कार्रवाई चल रही है।

यह मील का पत्थर सिद्ध होगा- सारंग

मंत्री सारंग ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश ने देश में पहली बार हिंदी में मेडिकल की प?ाई प्रारंभ की है। हिंदी माध्यम के चिकित्सा विद्यार्थियों को हिंदी में मेडिकल की पुस्तकों के बाद चिकित्सा शोध को भी हिंदी उपलब्ध करवाया जाएगा। द लांसेट विश्व का सबसे प्रमुख एवं सबसे प्रभावशील शोध जर्नल है। विश्व के सभी शोध जर्नल में सबसे ज्यादा इंपैक्ट फैक्टर 168.9 इस जर्नल को प्राप्त है।

मंत्री सारंग ने बताया कि %द

लानसेट% चिकित्सा जगत के लिए गीता की तरह है। जर्नल के हिंदी रूपांतरण को लेकर विगत कई दिनों से लानसेट की टीम के साथ निरंतर सकारात्मक चर्चा हुई। जिसके परिणाम स्वरूप अब चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश और द लानसेट - रीजनल हेल्थ साउथ ईस्ट एशिया का हिंदी भाषा में भी रूपांतरण करेंगे। यह हिंदी, हिंदुस्तान और हिंदी माध्यम के चिकित्सा विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा।

हिंदी विश्व की चौथी भाषा जिसमें होगा लेनसेट का प्रकाशन

मंत्री सारंग ने बताया कि द लेनसेट अंग्रेजी भाषा के साथ ही स्पेनिश और पुर्तगाली में भी प्रकाशित किया जाता है। वहीं अब हिंदी विश्व की चौथी भाषा होगी। जिसमें इसका प्रकाशन होगा। यह देश में चिकित्सकीय शोध के क्षेत्र में सबसे बड़ा क्रांतिकारी परिवर्तन होगा, जो मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि द लांसेट- रीजनल हेल्थ साउथ ईस्ट एशिया जर्नल के हिंदी में उपलब्ध होने से चिकित्सा विद्यार्थियों एवं चिकित्सकों को शोध के क्षेत्र में भी रिसर्च कंटेंट स्थानीय भाषा में मिल सकेगा। जिससे उनके चिकित्सा शोध की समझ और बेहतर हो सकेगी। बता दें कि इस जर्नल के ट्रांसलिट्रेशन का कार्य हिंदी प्रकोष्ठ चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश शासन के चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा।

हिंदी लिप्यंतरण कार्य का किया अवलोकन

मंत्री सारंग के साथ %द लेनसेट% की डिप्टी पब्लिकेशन हेड फियोना मैकलेव और एलजीवियर पब्लिकेशन के प्रमुख शंकर कौल ने गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में स्थापित हिंदी प्रकोष्ठ चिकित्सा शिक्षा मंदार का अवलोकन किया। उन्होंने ट्रासलिट्रेशन कार्य कर रहे चिकित्सकों से कार्य प्रणाली को समझा। इस दौरान पूरी प्रक्रिया से प्रभावित होकर उपस्थित अतिथियों ने इसकी प्रशंसा भी की।

दिव्यांग और वरिष्ठजन उपकरण वितरण शिविर अब 24 सितम्बर को

भोपाल/नवप्रदेश। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा देश के 74 जिलों में दिव्यांगजन और वरिष्ठजनों के लिये उपयोगी सहायक उपकरण वितरण शिविर अब 24 सितम्बर को होंगे। चयनित जिलों में मध्यप्रदेश के 19 जिले अशोकनगर, टीकमगढ़, शिवपुरी, इंदौर, खंडवा, उमरिया, कटनी, नर्मदापुरम, गुना, निवाडी, नीमच, डिण्डौरी, अलीराजपुर, विदिशा, मंडला, सीधी, छतरपुर, श्योपुर और भोपाल शामिल हैं। मध्यप्रदेश के 19 जिलों के 8 हजार 277 दिव्यांग और वरिष्ठजन को 9 करोड़ 53 लाख 79 हजार रूपये लागत के सहायक उपकरण मिलेंगे। उपकरण मिलने से इनका जीवन असान हो जायेगा। एडिप (स्कीम ऑफ असिस्टेंस टू डिसेबल्ड पर्सन फॉर परचेज/ फिटिंग ऑफ एडस एण्ड एपलॉइनसेस) और राष्ट्रीय वयोश्री योजना में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सहायक उपकरणों का वितरण किया जायेगा। अर्जुन पोर्टल के माध्यम से होने वाले वितरण कैम्प में सहायक उपकरणों की प्रविष्टि स्पर्श पोर्टल पर कराई जायेगी। टीकमगढ़ जिले में 1201 हितग्राहियों को एक करोड़ 21 लाख 49 हजार, अशोकनगर में 391 को 42 लाख 13 हजार, शिवपुरी में 716 को एक करोड़ 24 लाख 89 हजार, इंदौर में 318 को 11 लाख 18 हजार, खंडवा में 374 को 18 लाख 60 हजार, उमरिया में 333 को 31 लाख 81 हजार, कटनी में 609 को 66 लाख 30 हजार, नर्मदापुरम में 918 हितग्राहियों को 84 लाख 5 हजार रूपये लागत के सहायक उपकरणों का वितरण होगा। गुना में 300 हितग्राहियों को 40 लाख, निवाडी में 332 को 51 लाख 62 हजार, नीमच में 194 को 36 लाख 11 हजार, डिंडौरी में 405 को 33

विश्व बंधुत्व दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

भोपाल/नवप्रदेश। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय और विवेकानंद केंद्र भोपाल शाखा के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय के माखनपुरम परिसर में विश्व बंधुत्व दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विवेकानंद केंद्र के श्री सौरभ शुक्ला एवं वरिष्ठ पत्रकार व लेखक प्रो गिरीश उपाध्याय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ संजीव गुप्ता ने की । इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री सौरभ शुक्ला ने कहा कि ईश्वर एक ही है, उसे पाने के तरीके अलग-अलग हैं। उन्होंने कहा कि आगे जाने के लिए व्यक्ति को अपनी लाइन बड़ी करना चाहिए, दूसरे की लाइन छोटी करने के बारे में नहीं सोचना चाहिए। श्री शुक्ला ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए स्वामी विवेकानंद के विचारों को जानना व अनुसरण करना जरूरी है। वहीं मुख्य वक्ता प्रो गिरीश उपाध्याय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद महान संचारक थे। उन्होंने कहा कि 30 साल के युवा ने शिकागो में अपनी मेधा, प्रतिभा और अनुभव से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया था। उन्होंने शिकागो धर्मसभा के रहस्य पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ संजीव गुप्ता ने कहा कि यदि व्यक्तित्व विकास सीखना है तो हमें स्वामी जी से सीखना चाहिए।

मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने बच्छा बारस पर की गाय -बछड़े की पूजा

सिवनी मालवा। मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने सोमवार को बच्छा बारस पर गाय बछड़े की पूजा कर अपने बच्चों की लंबी आयु की कामना की। शहर में माहेश्वरी महिला मंडल की महिलाओं ने संपत सारडा के निवास पर तथा मारवाड़ी ब्राह्मण और अग्रवाल समाज की महिलाओं ने व्यास परिसर में बछ बारस की पूजा की। मारवाड़ी महिलाओं ने बताया कि यह पूजा भादो मास की बारस पर गाय बछड़े की पूजा की जाती है। भैंस के गोबर का ओबडा बनाकर उसमें जल, दूध, दही डालकर पूजा होती हैं। इस दिन पतवारीजी की पूजा होती है। सभी माताएं अपने बच्चों की लंबी आयु के लिए यह पूजा करती हैं। पूजा के बाद महिलाओ द्वारा इस दिन ज्वार, बाजरा, मक्का, चना, मोट का ही भोजन किया जाता हैं। गेहूं का उपयोग नहीं किया जाता है और न ही चाकू, कैची का उपयोग नहीं किया जाता है। बेटे की मां ओबडे की पूजा कर बंसराज हंसराज की कहानी कहती है। तत्पश्चात बेटे की मां अपने पुत्र को आवाज देकर बुलाती है। पुत्र गोबर से बने ओबडे को उंगली से चीरकर लड्डू उठाते है। माहेश्वरी महिला मंडल में नीरू राठी, रामकुवर बाई, प्रेमलता तोषनीवाल, शीला सारडा, शीला खडलोया, वर्षा सारडा, उषा सारडा, अनुपमा तोषनीवाल, श्वेता खडलोया, पुनीता सारडा, नीतिका सारडा, खुशबू सारडा, प्रियंका सारडा, मारवाड़ी महिलाओं में जानकी व्यास, प्रेमलता व्यास, चंदा शर्मा, कृष्णा व्यास, कविता अग्रवाल, रानी व्यास, वर्षा अग्रवाल आदि शामिल रहीं।

हिंदी दिवस: मातृभाषा का सम्मान

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में आज हिंदी दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के सभागार कक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिंदी दिवस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापक एवं साहित्यकार डॉ. इंदिरा दांगी उपास्थित थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय तिवारी ने की।

हिंदी दिवस के अवसर पर डॉ. इंदिरा दांगी ने अपने वक्तव्य की शुरुआत, मातृभाषा पर आधारित एक कविता से की। उन्होंने कहा कि, पाठ्यक्रम और जीवन में अंतर होता है। जो हमे पढ़ाया जाता है, वह जीवन में नहीं होता है। वैदिक, संस्कृत दुनिया की सबसे पुरानी भाषा है। उसके बाद लौकिक संस्कृत आई, जो लोक की भाषा थी द्य लौकिक संस्कृत में साहित्य रचने लगे तो पाली भाषा उत्पन्न हुई, जब साहित्य पाली भाषा में लिखा गया तो अपभ्रंश भाषा का उदय हुआ और अपभ्रंश भाषा के बाद ही हिंदी भाषा ने जन्म लिया। डॉ. दांगी ने यह भी कहा कि, हिंदी अपने आप को हमेशा विकसित करती रहती है द्य हिंदी भाषा आज भारत की संपर्क भाषा है, और सही मायने में कहा जाए तो संपर्क भाषा ही तो राष्ट्रभाषा होती है। डॉ. दांगी ने इस बात पर अप्रसन्नता जाहिर की कि, प्राचीन भाषाएं नवीन भाषाओं को स्थान नहीं देती है। उन्होंने कहा कि, हिंदी सरकारी संस्थाओं के बचाने से नहीं बचेगी, हिंदी बचेगी तो उसकी अपनी अंदरूनी ताकत से, हिंदी के विशाल बाजार से, और हिंदी में रो?गार के अवसर से। भाषा सोचने, बोलने और रचना का माध्यम होती है। भाषा संवाद का माध्यम है, विवाद का नहीं।

कार्यक्रम के अध्यक्ष भोज मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संजय तिवारी ने कहा कि हिंदी हमारी माता की तरह है। अपनी भाषा का हमें सम्मान करना चाहिए। हिंदी हमें एक सूत्र में बांधती है। डॉ. तिवारी ने कहा कि यदि हिंदी नहीं होती तो शायद हमें स्वतंत्रता नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि, आप सोते जागते समय जो भाषा बोलते हैं, वही आपकी मातृभाषा होती है। हिंदी भाषा के महत्व को देखते हुए कंप्यूटर को भी अपने सॉफ्टवेयर की भाषा में हिंदी को जोड़ना पड़ा। उन्होंने इच्छा जाहिर की कि जब भारत अपनी 100 वीं वर्षगांठ मना रहा होगा, तो हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा होगी। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन केंद्र की निदेशक डॉ. अनीता कौशल ने कहा की हिंदी में बिंदी की महत्ता बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि जिस भाषा में भी कार्य करें, उसे शुद्धता से करें, सही भाषा लिखें और उसका सही उच्चारण भी करें।

11 माह बाद भी नहीं मिली आवास की दूसरी किस्त, सीईओ को सौंपी जांच

खरगोन/नवप्रदेश। कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा ने जनसुनवाई में घरेलू विवाद, योजना के लाभ, जमीन सम्बन्धी समस्याएं जैसे आवेदनों के निराकरण के लिए सम्बंधित एसडीएम, तहसीलदार और सीईओ को समयावधि में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। भीकनगांव में गवली पाडल्या के दिव्यांग पदम सिंह को ट्रायसिकल देकर कलेक्टर भवन के द्वार तक छोड़ा। दिव्यांग पदम और उनकी पत्नी मकान हक के नामांतरण के मामलें में शिकायत करने पहुंचे थे। मंडलेश्वर एसडीएम अनिल जैन को जांच सौपी है। महेश्वर के फिरोज, नवाब, सरफराज, आशिक और सादिक ने 9 माह से नामांतरण नहीं होने की समस्या बताई। जनसुनवाई में भगवानपुरा के नानू सोलंकी ने बताया कि उनको पीएम आवास की प्रथम क़िस्त मिल चुकी है। लेकिन द्वितीय क़िस्त के लिए रोजगार सहायक द्वारा जियो टैग किया, लेकिन 11 माह बीत जाने के बाद भी द्वितीय किस्त नहीं मिली है। इसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर भी की गई मगर अधिकारी ने झूठा निराकरण किया गया। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को कॉल कर 3 दिनों में निराकरण कर टीएल बैठक में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402 , कौशल्या विहार , नेपियर टाउन , 482001 से प्रकाशित, मो. 6262188999 (न्याय क्षेत्र जबलपुर) ।